

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 महाराष्ट्र में 250 सीटों पर एनसीपी-शिवसेना के साथ चर्चा पूरी, भाजपा 40 प्रतिशत विधायकों का काट सकती है टिकट

कमला हैरिस की कितनी मदद कर पाएंगे ओबामा? 12



वर्ष : 12 | अंक : 187 | पटना, सोमवार, 21 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# बिहार विस उपचुनाव : चार सीटों पर एनडीए व महागठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा

## महागठबंधन : राजद को तीन तो भाकपा माले के खाते में एक सीट

| विस क्षेत्र | एनडीए | महागठबंधन | जनसुराज |
|---|---|---|---|
| तरारी | विशाल प्रशंत (भाजपा) | राजू यादव (भाकपा माले) | श्री कृष्ण सिंह |
| रामगढ़ | अशोक कुमार सिंह (भाजपा) | अजीत कुमार सिंह (राजद) | ............ |
| इमामगंज (सु) | दीपा मांझी (हम से.) | राजेश मांझी (राजद) | जितेन्द्र पासवान |
| बेलागंज | मनोरमा देवी (जदयू) | विश्वनाथ कुमार सिंह (राजद) | खिलाफत हुसैन |

प्रात : किरण

पटना। बिहार की चार सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। एनडीए के बाद महागठबंधन ने भी अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। रविवार को राजद प्रदेश कार्यालय में महागठबंधन की साझा प्रेस वार्ता में पार्टी के प्रदेश अद्यक्ष जगदानंद सिंह ने चारों सीटों के उम्मीदवारों का एलान किया। राजद प्रदेश कार्यालय में महागठबंधन के नेताओं की मौजूदगी में जगदानंद सिंह ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की। इमामगंज सीट से रोशन कुमार माझी उर्फ राजेश मांझी महागठबंधन के साझा उम्मीदवार होंगे। वहीं, बेलागंज से विश्वनाथ कुमार सिंह, रामगढ़ से जगदानंद सिंह के छोटे बेटे अजीत कुमार सिंह और तरारी विधानसभा सीट से राजू यादव महागठबंधन के उम्मीदवार होंगे। चार में से तीन सीटों पर राजद ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं जबकि एक सीट भाकपा माले के खाते में गई है। बेलागंज, रामगढ़ और इमामगंज सीट से राजद उम्मीदवार महागठबंधन के साझा उम्मीदवार होंगे जबकि तरारी की सीट भाकपा माले को मिली है। तरारी सीट से माले उम्मीदवार राजू यादव महागठबंधन के साझा उम्मीदवार बनाए गए हैं।

### एनडीए : भाजपा के दो तो जदयू व हम सेक्यूलर के एक-एक प्रत्याशी मैदान में

एनडीए ने भी चारों सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने चार में से अपने कोटे के दो सीटों तरारी व रामगढ़ में उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी ने तरारी से विशाल प्रशांत और रामगढ़ से पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह को टिकट दिया है। प्रदेश में जिन चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहा है, उनमें से तीन पर राजग ने अपना उम्मीदवार तय कर लिया है। गया जिले की इमामगंज सीट जीतन राम मांझी की हम पार्टी के हिस्से में आई है। इस सीट से केंद्रीय मंत्री मांझी ने बहू दीपा मांझी को राजनीति में उतारने का फैसला लिया है। बेलागंज की सीट जदयू के कोटे में है। जदयू ने मनोरमा देवी को बेलागंज सीट से उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर लंबे समय से आरजेडी का दबदबा रहा है। चारों सीटों पर हो रहे उपचुनाव को विधानसभा चुनाव के सेमीफाइनल के तौर पर देखा जा रहा है। यह उपचुनाव दोनों गठबंधनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। दोनों गठबंधन की तरफ से चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए रणनीति तय की जा रही है। खासकर एनडीए के लिए यह उपचुनाव काफी अहम माना जा रहा है।

### जनसुराज के प्रत्याशी भी चुनावी समर में :

उपचुनाव को लेकर जनसुराज पार्टी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने चारों सीटों तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज सीट से प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी। प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने बेलागंज से प्रोफेसर खिलाफत हुसैन और इमामगंज से डॉक्टर जितेंद्र पासवान को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने पहले ही तरारी विधानसभा सीट से रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल श्रीकृष्ण सिंह के नाम की घोषणा की थी। बता दें कि, देशभर के 13 राज्यों की कुल 48 सीटों पर उपचुनाव होने हैं, जिसमें बिहार की चार सीटें भी शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के बाद खाली हुई तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज सीट पर 13 नवंबर को वोटिंग होगी जबकि 23 नवंबर को नतीजे आएंगे। रामगढ़ में आरजेडी के सुधाकर सिंह, तरारी में सीपीआई माले के सुदामा प्रसाद, बेलागंज में आरजेडी के सुरेंद्र यादव और इमामगंज में हम के जीतन राम मांझी के सांसद बनने के बाद ये चारों सीटें खाली हुई हैं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.0°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

**बाजार**

सोना 75,920

चांदी 91,900

सेंसेक्स 83,584

निफ्टी 25,698

## प्रधानमंत्री ने दरभंगा हवाई अड्डे के नए सिविल एन्क्लेव का किया शिलान्यास

# दरभंगा एयरपोर्ट से मिथिला के साथ उत्तर बिहार का होगा विकास : नीतीश



● वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में 6,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागतवाली 7 एयरपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के विकास के तहत दरभंगा हवाई अड्डे के नए सिविल एन्क्लेव का वाराणसी के सिगरा स्टेडियम से रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा दरभंगा, वाराणसी, आगरा एवं बागडोगरा हवाई अड्डा का शिलान्यास किया गया जिसमें 912 करोड़ रुपये की लागत की दरभंगा के टर्मिनल भवन एवं सिविल एन्क्लेव का शिलान्यास कार्य शामिल है। इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पटना के 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। शिलान्यास करने के पश्चात कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नए टर्मिनल का शिलान्यास करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुये कहा कि इस एयरपोर्ट के विकास से मिथिला क्षेत्र के साथ-साथ उत्तर बिहार के जिलों का भी विकास होगा। नये टर्मिनल के लिये राज्य सरकार ने 76.65 एकड़ भूमि भारत सरकार को उपलब्ध करा दी है। इस एयरपोर्ट के निर्माण कार्य में और जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी, राज्य सरकार करेगी।

76.85 एकड़ भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को हस्तांतरित

ज्ञातव्य है कि दरभंगा हवाई अड्डा के निर्माण हेतु बिहार सरकार द्वारा कुल 76.85 एकड़ भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को हस्तांतरित किया गया है। वर्तमान में इस हवाई अड्डा के भवन से प्रत्येक दिन 1500 यात्री जाते हैं एवं 10 विमान की सेवा संचालित है। नवंबर 2020 में नागर उड़ानों की शुरूआत के बाद से दरभंगा में हवाई यातायात 21,66,567 यात्रियों को पार कर गया है। दरभंगा हवाई अड्डा भारतीय वायुसेना के अधीन है और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भारतीय वायुसेना द्वारा पट्टे पर ली गई 4.72 एकड़ भूमि पर एक अंतरिम सिविल एन्क्लेव कार्यरत है। यहां 2.27 करोड़ रुपए की लागत से व्यू कटर एवं रन-वे

फेंसिंग का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। एयरपोर्ट टर्मिनल से सीधे एसएच-105 को जोड़ने हेतु 308.50 लाख रुपये की लागत से 21 मीटर लंबा 2 लेन आरसीसी पुल का निर्माण कराकर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को हस्तगत करा दिया गया है, जिस पर यातायात शुरू हो गया है। इस पुल के ऊपर धूप एवं बरसात से बचने के लिए 56 लाख रुपये की लागत से शेड का निर्माण भी कराया गया है। वर्तमान में संचालित इस एयरपोर्ट से प्रतिदिन 1,500 यात्री जाते हैं जिसे बढ़ाकर 8,000 किया जाना है। वर्तमान में 10 विमानों की सेवा प्रतिदिन संचालित है, जिसे बढ़ाकर 50 किया जाना है। वर्तमान में रनवे 9,000 फीट है जिसे बढ़ाकर 12000 फीट करना है। वर्तमान 1,400 वर्गमीटर टर्मिनल भवन का विस्तार 51800 वर्गमीटर में किया जाना है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक पूर्वी क्षेत्र श्रीमती निवेदिता दूबे ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा एवं अंगवस्त्र तथा पाग भेंटकर स्वागत किया।

### ये रहें मौजूद :

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मंत्रिमंडल समन्वय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, नगर विमानन के निदेशक निलेश राम चन्द्र देवरे, क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक पूर्वी क्षेत्र निवेदिता दुबे, महाप्रबंधक (अभि) पूर्वी क्षेत्र सुनील कुमार चिंडालिया, विमानपतन निदेशक, पटना हवाई अड्डा उमा शंकर सहित अन्य एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारीगण भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे, जबकि दरभंगा एयरपोर्ट से राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे, सांसद गोपाल जी ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति जुड़े हुए थे।

## उत्तर बिहार के लिए गेम चेंजर साबित होगा दरभंगा एयरपोर्ट : संजय झा

### जदयू के राष्ट्रीय कार्यकरी अध्यक्ष ने पीएम मोदी का जताया आभार



पटना। दरभंगा एयरपोर्ट पर बनने वाले नये सिविल एन्क्लेव का पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को शिलान्यास किया। इसे लेकर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकरी अध्यक्ष संजय झा ने मिथिलावासियों की ओर से आभार प्रकट किया। श्री झा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आभार प्रकट करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, आपके द्वारा शुरू की गई दूरगामी उड़ान योजना ने देश के छोटे शहरों के लाखों लोगों के लिए हवाई सफर को सुगम बना दिया है और नये क्षेत्रों में तेजी से विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ मुख्यमंत्री आवास, पटना से ऑनलाइन जुड़ा। हमें खुशी है कि दरभंगा एयरपोर्ट के विकास के प्रति मुख्यमंत्री की शुरू से व्यक्तिगत अभिरुचि रही है। उड़ान योजना के तहत बिहार को दो एयरपोर्ट मिले थे। इसके लिए जमीन एवं कई अन्य सुविधाएं राज्य सरकार को उपलब्ध करानी थी। मुख्यमंत्री ने ही तय किया कि इनमें से एक एयरपोर्ट मिथिला के केंद्र दरभंगा में बनेगा। वर्ष 2020 में कोरोना काल में भी उन्होंने खुद दरभंगा जाकर एयरपोर्ट पर हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया था। आठ नवंबर, 2020 को दरभंगा एयरपोर्ट से उड़ान सेवा की शुरूआत हुई थी।

संजय झा ने पोस्ट में आगे लिखा, हमलोग प्रयास कर रहे हैं दरभंगा एयरपोर्ट से दूसरी कंपनियों की सेवा भी शुरू हो। दरभंगा एयरपोर्ट बिहार के 14 जिलों की 6 करोड़ आबादी को हवाई संपर्कता प्रदान करता है। नेपाल से नजदीक होने से इसकी महत्ता और भी बढ़ जाती है। यहां से विदेशी लोगों का भी आवागमन होता है। इसे ध्यान में रखते हुए दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया है। राज्य सरकार इसके लिए अतिरिक्त भूमि देने सहित हर तरह से सहयोग करने के लिए तैयार है। हमें विश्वास है, दरभंगा एयरपोर्ट का विकसित स्वरूप आनेवाले समय में मिथिला सहित संपूर्ण उत्तर बिहार के लिए गेम चेंजर साबित होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### महाराष्ट्र : भाजपा ने जारी की 99 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

नई दिल्ली। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी। इसमें पार्टी ने 99 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। भाजपा ने कई विधायकों को फिर से टिकट दिया है। पार्टी ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को नागपुर दक्षिण पश्चिम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर कृष्णराव बावनकुले को कामठी से टिकट दिया है। इसके अलावा भाजपा ने शहादा से राजेश उदेसिंह पाडवी, नंदुरबार से विजय कुमार गावित, धुले शहर से अनूप अग्रवाल, सिंदखेड़ा से जयकुमार जितेंद्र सिंह रावल, शिरपुर से काशीराम वेचन पावरा, रावेर से अमोल जावले, भुसावल से संजय वामन सावकारे, जलगांव शहर से सुरेश दामू भोले, चालीसगांव से मंगेश रमेश चव्हाण, जामनेर से गिरीश दत्तात्रेय महाजन, चिखली से श्वेता विधाधर महाले, खामगांव से आकाश पांडुरंग फुंडकर, जलगांव से डॉ. संजय श्रीराम कुटे, अकोला पूर्व से रणधीर प्रह्लादराव सावरकर, धामंगांव रेलवे से प्रताप जनार्दन अडसद, अचलपुर से प्रवीण तायडे, देवली से राजेश बकाने, हिंगणघाट से समीर कुणावार, वर्धा से डॉ. पकंज राजेश भोयर, हिंगना से समीर दत्तात्रेय मेघे, नागपुर दक्षिण से मोहन गोपालराव माते, नागपुर पूर्व से कृष्ण पंचम खोपड़े, तिरोरा से विजय भरतलाल रहांगडाले, गोंदिया से विनोद अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया है।

## ईपीएफओ ने 18.53 लाख सदस्य जोड़े




नई दिल्ली/एजेंसी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अगस्त 2024 में 18.53 लाख अंशधारक जोड़े हैं जो अगस्त 2023 की तुलना में 9.07 प्रतिशत अधिक हैं।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि अगस्त 2024 में ईपीएफओ ने लगभग 9.30 लाख नए सदस्यों को नामांकित किया है जो अगस्त 2023 की तुलना में नए सदस्यों में 0.48 प्रतिशत ज्यादा है। आंकड़ों के अनुसार महीने के दौरान महिला सदस्य जुड़ाव लगभग 3.79 लाख रहा है। शीर्ष पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 10.97 लाख सदस्य जोड़े। सभी राज्यों में से, महाराष्ट्र 20.59 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे है। कर्नाटक, तमिलनाडु, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश का स्थान है। आंकड़ों में बताया गया है कि व्यापार - वाणिज्यिक प्रतिष्ठान, इंजीनियर - इंजीनियरिंग ठेकेदार, भवन और निर्माण उद्योग, कृषि फार्म, बीड़ी निर्माण आदि उद्योगों में लगे प्रतिष्ठानों में काम करने वाले सदस्यों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## राजस्थान : बस और टेम्पो की टक्कर में 12 लोगों की मौत

### शादी समारोह से लौटने के दौरान हुआ हादसा, पीएम ने जताया दुख



भरतपुर/एजेंसी। राजस्थान में धौलपुर जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बस और टेम्पो के टकराने से आठ बच्चों एवं तीन महिलाओं सहित 12 लोगों की मौत हो गई जबकि एक बच्चे सहित दो लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बाड़ी के करीम कॉलोनी गुमट निवासी इरफान और उसके परिवार के करीब पन्द्रह लोग सरमथुरा थाना क्षेत्र के बरौली में शादी समारोह में बहन का भात भरने गये थे। वहां से वे देर रात बाड़ी लौट रहे थे कि उनका टेम्पो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11बी पर सुन्नीपुर गांव के पास रात करीब ग्यारह बजे धौलपुर से जयपुर जा रही एक बस की चपेट में आ गया। पीछे दूसरे टेम्पो में आ रहे इरफान के भाई और वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों में सवार लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। दपुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी को धौलपुर के अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि हादसे में इरफान उर्फ बंटी 38 साल, उसकी पत्नी जूली 34 साल, बेटी आसमा 14 साल, बेटा सलमान 8 वर्ष, साकिर 6 वर्ष, इरफान का भतीजा अजान 5 वर्ष, जरीना 35 वर्ष, उसकी बेटियां आसियाना 10 वर्ष, सूफी 7 वर्ष, बेटा सानिफ 9 वर्ष, परवीन 32 साल और उसके बेटे दानिश 10 साल की मृत्यु हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल साजिद 10 साल और बस चालक को जयपुर भेजा गया है।

### हादसे पर पीएम ने जताया शोक :

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है और उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा ह्रराजस्थान के धौलपुर में हुआ हादसा हृदयविदारक है। इसमें मासूम बच्चों सहित जान गंवाने वालों के शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करे। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की निगरानी में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव सहायता में जुटा है। पीएमओ ऑफिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पीएम ने राजस्थान के धौलपुर में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है और घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया। इसी तरह राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई नेताओं ने हादसे पर गहरा दुख प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की प्रार्थना की।

## राष्ट्रपति मुर्मु कल 5वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार, 22 अक्टूबर को यहां के विज्ञान भवन में 5वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 प्रदान करेंगी। एक सरकारी विज्ञप्ति में रविवार को इसकी जानकारी दी गई। जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने 14 अक्टूबर 2024 को 09 श्रेणियों अर्थात सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ विद्यालय या महाविद्यालय, सर्वश्रेष्ठ उद्योग, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ, सर्वश्रेष्ठ संस्थान (विद्यालय या महाविद्यालय के अलावा) और सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 के लिए संयुक्त विजेताओं सहित 38 विजेताओं की घोषणा की थी। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में पहला पुरस्कार ओडिशा को दिया गया है जबकि उत्तर प्रदेश ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। गुजरात और पुडुचेरी ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक प्रशस्ति पत्र और एक ट्रॉफी के साथ-साथ कुछ श्रेणियों में नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि लोगों में जल के महत्व के बारे में जागरुकता उत्पन्न करने और सर्वोत्तम जल उपयोग प्रणालियों को अपनाने के लिए प्रेरित करने में मदद करने के लिए डीओडब्ल्युआर, आरडी एंड जीआर ने 2018 में पहला राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रारंभ किया था। वर्ष 2019, 2020 और 2022 के लिए दूसरे, तीसरे और चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार दिए गए। कोविड महामारी के कारण वर्ष 2021 में पुरस्कार नहीं दिए गए थे।

**सौगात** पीएम मोदी ने वाराणसी को दी 6,100 करोड़ की सौगात, कहा- पिछले 10 वर्षों में काशी में हुए बड़े बदलाव

# काशी पूर्वांचल के बड़े आरोग्य केंद्र के रूप में विख्यात हो रही : मोदी

● पीएम बोलें-आर जे शंकरा अस्पताल आध्यमिकता के साथ आधुनिकता का संगम

प्रात : किरण



वाराणसी/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 6,100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें 90 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आरजे शंकर नेत्र अस्पताल का उद्घाटन भी शामिल है। पीएम ने वाराणसी में आरजे शंकर नेत्र अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, इस पावन महीने में काशी आना एक पुण्य अनुभूति का अवसर होता है। यहां अपने काशीवासी तो हैं ही, संतजनों और परोपकारियों का भी संग है। इससे सुखद संयोग और क्या हो सकता है। अभी मुझे परम पूज्य शंकराचार्य जी के दर्शन का, प्रसाद पाने का और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। पीएम मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा, आरजे शंकर नेत्र अस्पताल वाराणसी और इस क्षेत्र के अनेकों लोगों के जीवन से अंधकार दूर करेगा, उन्हें प्रकाश की ओर ले जाएगा। ये अस्पताल बुजुर्गों की भी सेवा करेगा और बच्चों को भी रोशनी देगा। यहां बहुत बड़ी संख्या में गरीबों को मुफ्त इलाज मिलने वाला है। ये अस्पताल, यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर लेकर आया है। उन्होंने कहा, काशी की पहचान अनंतकाल से धर्म और संस्कृति की राजधानी के रूप में रही है। अब काशी, यूपी के पूर्वांचल के बड़े आरोग्य केंद्र और हेल्थकेयर हब के रूप में भी विख्यात हो रहा है। काशी को प्राचीन काल से ही धर्म और संस्कृति की राजधानी के रूप में जाना जाता रहा है। अब काशी यूपी के पूर्वांचल क्षेत्र का एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा केंद्र और चिकित्सा केंद्र भी बन रहा है। बीएचयू में ट्रॉमा सेंटर हो, दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल हो या मेडिकल कॉलेजों की स्थापना हो, पिछले 10 वर्षों में काशी में स्वास्थ्य सेवा में बड़े सुधार हुए हैं। पीएम ने अस्पताल के उद्घाटन से पहले कांची मठ के शंकराचार्य से भी मुलाकात की। उन्होंने एक प्रदर्शनी का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी एक दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान 2,870 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन और अन्य कार्यों की आधारशिला भी रखने जा रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में काशी में विकास का नया रूप देखने को मिल रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में नित नए प्रतिमान बन रहे हैं। विकास और सेवा के क्षेत्र में नए-नए प्रकल्प यहां काशी में जुड़ रहे हैं।

## घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकी ढेर


बारामुला। बारामुला जिले के उड़ी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की बड़ी कोशिश को नाकाम कर करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों के जवानों ने उड़ी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठिये आतंकियों को चुनौती दी। इसके बाद आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया है। अभी ऑपरेशन जारी है और सुरक्षाबल के जवान इलाके में दूसरे आतंकियों के छिपे होने की आशंका में तलाशी अभियान चला रहे हैं।

# नए गर्भनिरोधक के साधन पर बढ़ा महिलाओं का भरोसा

## 2242 सब-डरमल इम्प्लांट और 2692 सब-कुटेनियस सुई लगाई गयी

प्रात :किरण संवाददाता

पटना- नवीन गर्भनिरोधक साधन सब डरमल इम्प्लांट एवं एमपीए सब-कुटेनियस को लाभार्थियों के बीच आये हुए करीब 14 महीने हुए हैं. इस दौरान लम्बी अवधि के अस्थायी गर्भ-निरोधक साधन सब-डरमल इम्प्लांट और एमपीए सब-कुटेनियस ने सूबे की महिलाओं के बीच आशाजनक लोकप्रियता प्राप्त की है. ये दोनों सुविधाएँ अभी केवल दो-दो जिले में ही उपलब्ध हैं. ताजा जानकारी के अनुसार, राज्य में इस वर्ष 16 अक्टूबर तक 2242 महिलाओं ने सब डरमल इम्प्लांट करवाया है. वहीं 2692 महिलाओं ने एमपीए सबकुटेनियस इंजेक्शन लगवाया है. पायलट प्रोजेक्ट के तहत सब डर्मल इंप्लांट की सुविधा पटना और भागलपुर में तथा एमपीए सब-कुटेनियस की सुविधा शेखपुरा एवं मुंगेर में अभी उपलब्ध है।



**लगातार बढ़ रही लाभार्थियों की संख्या:**

प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, राज्य में 16 अक्टूबर तक 2,242 महिलाओं ने सब डरमल इम्प्लांट पर भरोसा जताया है. पटना में 1475 एवं भागलपुर में 767 महिलाओं ने अब तक इम्प्लांट का चुनाव किया है. वहीं 2,692 महिलाओं ने मुंगेर एवं शेखपुरा में एमपीए सबकुटेनियस इंजेक्शन पर भरोसा किया है. शेखपुरा में 1723 एवं मुंगेर में 969 महिलाओं ने एमपीए सबकुटेनियस इंजेक्शन लगवाया है. उल्लेखनीय है कि राज्य में पिछले वर्ष अक्टूबर से गर्भ निरोधक के रूप में लंबी अवधि के अस्थायी साधन में नया विकल्प लाभार्थियों के लिए उपलब्ध कराया गया था. इसमें राज्य के दो जिले पटना एवं भागलपुर के 4 अस्पतालों में फिलहाल सब-डरमल इम्प्लांट की सुविधा उपलब्ध है. जबकि एमपीए सब-कुटेनियस गर्भनिरोधक सुई लाभार्थियों को शेखपुरा एवं मुंगेर में उपलब्ध करायी जा रही है. इसकी शुरुआत नवंबर 2023 में शेखपुरा से की गयी थी.

**महिला लाभार्थियों ने दिया सकारात्मक संदेश:**

अंतरा के नये रूप और सरल साधन एमपीए सबकुटेनियस का शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता. अंतरा इंजेक्शन महिला की मांसपेशी में दी जाती है. जबकि एमपीए सबकुटेनियस मासपेशियों और स्किन के बीच में लगायी जाती है. इसमें दवाई पहले से लोडेड होता है. सुई देने और एक जगह से दूसरे जगह लाने-ले जाने में आसान होता है. इसे कोई भी महिला जो दो बच्चों के बीच लम्बी अवधि का अंतर रखना चाहती है, इसे अपना सकती हैं. एमपीए सबकुटेनियस का इस्तेमाल करने वाली शेखपुरा के सर्वा गाँव की 23 वर्षीया रूपा कुमारी बताती हैं कि सबकुटेनियस का चुनाव करने से पहले उनके मन में दुविधा थी. आशा दीदी ने उन्हें इसकी पूरी जानकारी दी और इसके लाभ से उन्हें अवगत कराया. अब वह इसका इस्तेमाल करते हुए पूरी तरह सहज महसूस करती हैं और उन्हें इससे किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं महसूस हुई है. उनके पति कुंदन राउत भी उनके निर्णय से खुश हैं।

# आंखों की गई जांच, मोतियाबिंद मरीजों का किया गया चयन



- आंख बहुमूल्य धरोहर, इसकी बीमारी से निजात को शिविर लगाना बेहतर : रेशमी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राधेश्याम परिवार सेवा संस्थान एवं बालाजी नेत्रालय, पटना के द्वारा महीने में एक दिन आंखों के इलाज के बाबत शिविर लगाया जा रहा है। हर महीने की तीसरे रविवार को डॉक्टर शशि मोहनका अपनी टीम के साथ पटना सिटी के मिरचाई गली स्थित राधे श्याम परिवार के क्लीनिक में अपनी सेवा दे रहे हैं। रविवार को इसका उद्घाटन पटना नगर निगम के डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी एवं संस्थापक शोभा गुप्ता ने फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी सेवा राधेश्याम परिवार के द्वारा की जा रही है। प्रतिदिन होम्योपैथ और एलोपैथिक चिकित्सकों की सेवा लोगों को दिलाई जा रही है। इसके अलावा हर महीने के तीसरे रविवार को यहां आंखों से संबंधित समस्या होने पर इलाज और मोतियाबिंद का ऑपरेशन की व्यवस्था भी कराई जा रही है, क्योंकि व्यक्ति के जीवन का आंख एक अहम हिस्सा है और इसी की मदद से वह रंग-बिरंगी दुनिया देखता है। इसलिए यह पुण्य का काम है। पंकज लोयलका ने बताया कि आंखों की पूरी जांच बिलकुल अत्याधुनिक मशीन द्वारा की जा रही है। श्रीमती शोभा गुप्ता ने बताया कि राधे श्याम परिवार पिछले दो सालों से मिरचाई गली में स्वास्थ्य क्लिनिक चला रहा है, जिसमें प्रतिदिन चार डॉक्टर अपनी सेवा दे रहे हैं। यहां ईसीजी की सेवा मात्र 50 रुपए में, ब्लड प्रेशर और शुगर जांच मात्र दस रुपया में होता है। इसी क्रम में आज बालाजी नेत्रालय के नेत्र विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका भी पटना सिटी वासियों को अपनी सेवा देंगे। अतिथियों का स्वागत व्यवस्थापक चक्रेश अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में 50 से अधिक मरीजों के आंखों की जांच की गई। कार्यक्रम में आलोक गुप्ता, शिव प्रसाद मोदी, संतोष सर्राफ, संजीव मिश्रा, टिंचु कानोडिया, बाबू लाल अग्रवाल, आनंद कमलिया, दीपक गोयनका, संगीता झुनझुनावाला आदि सक्रिय रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अनामिका सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत

दानापुर नगर के अंतर्गत दानापुर के एतिहासिक स्थानों का कायाकल्प किया जाएगा जिसको लेकर जानकारी ली जा रही है। उक्त बातें रविवार को विधान पार्षद अनामिका सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कही। कहा कि त्रिभुवन पार्क, सनातन धर्मशाला जहां कभी सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ करते थे। इतने बड़े शहर में ठीक से एक मैदान और पार्क नहीं है। बताया कि अपने विकास निधि और अन्य स्त्रोतों से फंड लाकर दानापुर का विकास करने का काम करूंगी।

### दानापुर प्रखंड में जदयू की प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक की गई

दानापुर। नगर के अंतर्गत सगुना मोड़ स्थित कमेटी हॉल में जदयू. प्रखण्ड कमीटी, कार्यकारिणी व प्रमुख नेताओं की बैठक की गई जिसमें विधान पार्षद रविन्द्र सिंह, दानापुर विधानसभा प्रभारी धीरज कुशवाहा, प्रदेश महासचिव विनोद सिंह, पटना महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के उपस्थिती में सम्पन्न हुआ।बैठक को सम्बोधित करते हुए विधान पार्षद रविन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की द्वारा किए जा रहे विकास एवं सरकार द्वारा चलाया जा रहा कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी लोगों तक पहुंचाने का कार्य करना है। ज्यादा से ज्यादा लोगों संगठन में जोड़ने कर दानापुर क्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान करना है। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता दानापुर जदयू. के अध्यक्ष मनोज कुमार ने किया। इस मौके पर दानापुर प्रखंड प्रभारी किशोर कुमार सिन्हा, केवलापति देवी, अरविंद कुमार, बंटी चंद्रवंशी, अभय पटेल, इमामुद्दीन, ओम सिंह, सुबोध कुमार, प्रमोद कुमार, धनंजय सिंह, वृन्द सिंह, महेन्द्र मालाकार, रीता पासवान, राजेश कुमार, कृष्णा विश्वकर्मा ने भी सम्बोधित किया। बैठक में राज बलम कुमार, जय प्रकाश, दिलीप कुमार, मृत्युजय कुमार आदी मौजूद थे।

### छठ को लेकर छावनी परिषद ने भी घाटो की साफ सफाई को लेकर तैयारी शुरू कर दी

दानापुर। नगर के अंतर्गत छठ को लेकर छावनी परिषद ने भी घाटो की साफ सफाई को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। मुख्य अधिशासी अधिकारी सपन कुमार ने घाटो को जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये। जिसमें इमलीतल घाट सिढी घाट घोबीटोला घाट पीपापुल घाट व कचहरी घाट का जायजा लिया गया। इसके साथ छठ के मद्देनजर सफाई के साथ रोशनी एवं सुरक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। मुख्य अधिशासी अधिकारी सपन कुमार ने कहा कि व्रतियो के सुविधा को ध्यान मे रखते हुए पुख्ता इंतजाम किया जायेगा। इसको लेकर आज से ही घाटो की सफाई का निर्देश दिया गया है। उन्होने लोगो से दानापुर छावनी को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि गंदगी फैलाने वाले व अतिक्रमण करने वालो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। कार्यालय अधीक्षक फिरोज ने बताया कि छावनी परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी घाटो की साफ सफाई रोशनी एवं सुरक्षा को लेकर व्यवस्था की जायेगी।

### सनातन धर्म सभा के 119वें स्थापना पर छोटी पटनदेवी में पूजा

पटना सिटी (प्राकि)। चौक स्थित श्री सनातन धर्म सभा एक प्राचीनतम संस्था है। इसकी स्थापना को 119 वर्ष पूरा हो गया। इस उपलक्ष्य में धर्म सभा से जुड़े लोग शक्तिपीठ स्थल श्री छोटी पटनदेवी पहुंचे और यहां भगवती की विशेष पूजा-अर्चना की गई। उन्हें नैवेद्य भोग अर्पित किया गया और आरती उतारी गई। आयोजन में अध्यक्ष त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा, भगवती प्रसाद मोदी, बीएन कपूर, अनंत अरोड़ा, प्रकाश कोठारी आदि मौजूद थे। पूजा का विधान बाबा विवेक द्विवेदी ने संपन्न कराया।

### युवती ने छेड़खानी का आरोप लगा दर्ज कराई प्राथमिकी

पटना सिटी (प्राकि)। कोचिंग से आने-जाने के दौरान छेड़खानी और चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में एक युवती ने खाजेकलां थाना में मामला दर्ज कराया है। इसमें एक युवक को आरोपी बनाया है। युवती ने पुलिस को बताया कि युवक मोबाइल पर कॉल कर धमकी देता है और कोचिंग आने-जाने के दौरान पीछा करता है। पिछले कुछ माह से मानसिक पीड़ा झेल रही युवती ने खाजेकलां थाना में दीदारगंज का रहने वाला किस्टो कुमार यादव के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

# युग परिवार के वार्षिकोत्सव पर लिया गया संकल्प



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी के पूर्वी नंदगोला में युग परिवार के चतुर्थ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संरक्षक पिंकू यादव ने महिलाओं के उत्थान, स्वच्छता व पर्यावरण रक्षा के साथ शिक्षा के लिए कार्य करने का संकल्प दिलाया। वार्ड 71 की पार्षद अंजली राय ने महिलाओं व कमजोर तबके की सुरक्षा और सामाजिक एकता पर बल दिया। आयोजन में मनोज यादव, रंजीत प्रभाकर यादव, संजय सिन्हा, किशोरी जी, रजनीश जी, धर्मवीर यादव, मनोज गुप्ता, सुनील निषाद, कन्हाई पटेल, पियूष पांडेय, राजन कुमार, डॉ बबली मेहता, सीता सिन्हा, साधना राव, निशा मेहता, अनामिका, कांति केसरी आदि ने विचार रखे। युग परिवार के पांच सौ से अधिक सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल थे।

# पिकअप वैन से विदेशी शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

## झारखंड के गढ़वा से लाकर ले जाया जा रहा था सोनपुर, पकड़ा गया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



उत्पाद विभाग की टीम ने मिले इनपुट के आधार पर छापेमारी कर दो पिकअप वैन में लदे टेट्रा पैक विदेशी शराब को बरामद किया है। दोनों वाहन को भी जब्त करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि जैसे ही सूचना मिली कि जेपी सेतु के रास्ते होते हुए सोनपुर के लिए दो पिकअप वैन पर शराब जा रहा है। इसके तुरंत बाद उत्पाद निरीक्षक ज्योति भूषण के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इसमें एसआई वीरेंद्र कुमार, एएसआई अमित कुमार, शमशाद हुसैन और विद्यानंद सिंह के साथ पुलिस बल शामिल था। उत्पाद विभाग की टीम ने दो पिकअप वैन को रोक जब तलाशी ली, तो दोनों में सीक्रेट बॉक्स बना हुआ था और उसी में टेट्रा पैक शराब को छुपा कर रखा गया था। दोनों पिकअप वैन पर पंजीयन संख्या बीआर 01एन 8007 एवं बीआर06जीई 0216 लिखा हुआ था। एक पिकअप वैन से 1,116 पीस टेट्रा पैक यानी कुल 207.5 72 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया। उक्त गाड़ी से हाजीपुर का वीरेंद्र राय को पकड़ा गया। वहीं दूसरे पिकअप वैन से 1,440 पीस टेट्रा पैक यानी 259.2 लीटर विदेशी शराब पकड़ा गया। इस वाहन से छपरा का रंजीत राय और सोनू राय को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने पूछताछ के दौरान बताया कि यह सब शराब झारखंड के गढ़वा जिले से लाया गया था और इसे सोनपुर ले जाया जा रहा था कि वह सब पकड़े गए। इस तरह कल 2,556 पीस टेट्रा पैक यानी कुल 460.92 लीटर विदेशी शराब को जब्त किया गया। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र के राजा घाट में भी छापेमारी की गई यहां से करीब 300 लीटर अवैध जुलाई शराब को जप्त किया गया है यहां उत्पाद निरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई थी हालांकि किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई।

# ट्रक की टक्कर से गांधी सेतु पर वाहनों का परिचालन प्रभावित

पटना सिटी (प्राकी)। महात्मा गांधी सेतु पर हाजीपुर की तरफ पाया संख्या 20 के पास दो ट्रक के बीच टक्कर हो गया। इस कारण से पटना से हाजीपुर जाने वाले लेन पर वाहनों के जाम की स्थिति बन गई। इसका असर हाजीपुर से पटना आने वाले लेन पर भी दिखा। हादसे के बाद वाहनों का परिचालन कुछ देर के लिए प्रभावित हो गया। यातायात पुलिस ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से किनारे कराया गया। इसके बाद वाहनों की आवाजाही सामान्य हो पाई। स्थिति यह थी कि दुर्घटना के बाद महात्मा गांधी सेतु पर वाहनों की लाइन लग गई थी। सूचना मिलते ही यातायात थाना की पुलिस पहुंची और परिचालन को सामान्य करने में लग गई। यातायात डीएसपी अनिल कुमार ने बताया कि हादसा में कोई हताहत नहीं हुआ है। क्रेन से वाहनों को साइड करा परिचालन सामान्य कराया गया है।

# चारों साहबजादे के गांव में बिहार सरकार के द्वारा होगा महोत्सव:उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा

## चारों साहबजादे के नाम पर गुरुद्वारे का निर्माण होना चाहिए : महन्थ ब्रजेश मुनि



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। अजीत सिंह जी बलिदान स्मृति समागम के अवसर पर तख्त श्री हरिमन्दिर साहिब पटना सिटी के तत्त्वावधान में हिन्दू जागरण मंच के विनोद कुमार सिंह यादव के संयोजकत्व में गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के साहबजादे के शहादत को याद करने के लिए अजीतपुर मुजफ्फरपुर में नगर कीर्तन एवं सत्संग सहित शौर्य करतब गदका, कुश्ती दंगल आदि का आयोजन किया गया। पूर्वाह्न में सती स्थान से अभूतपूर्व नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उपमुख्यमंत्री श्री विजय सिन्हा ने कहा कि हर वर्ष चारों साहबजादे के गांव में कला संस्कृति विभाग के द्वारा स्मृति महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में पधारे खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि

चारों साहबजादे के गांव के लिए यथा संभव मदद करूंगा एवं कबीर मठ के संरक्षक महन्थ ब्रजेश मुनि ने कहा कि इस गाँव से गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के साहबजादे के नाम जुड़ा है। यहाँ गुरुद्वारा का निर्माण होना चाहिए। धर्म की रक्षा के लिए सिक्खों के साथ यहाँ के लोगों ने भी कुबार्नी दी थी दियारा के मोहन यादव ने। उन्हीं के नाम पर मोहनपुर गाँव है। ब्रजेश मुनि ने कहा कि उन्ही का वंशज हूँ, इसलिए मैंने भी एक बीघा जमीन गरुद्वारा बनाने के लिए देने की घोषणा की है। मैं चाहता हूँ कि गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के चारों साहबजादे के नाम पर जो गाँव है वहाँ गुरुद्वारा का निर्माण होना चाहिए और अगले वर्ष राघोपुर के फतेहपुर में आयोजित बाबा फतेह सिंह स्मृति समागम बलिदान दिवस का निमंत्रण भी देता हूं। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व महासचिव महेंद्र पाल सिंह ढिल्लों, सरदार त्रिलोकसिंह निषाद, मनोज वत्स, युवाचार्य संत श्री विवेक मुनि, रमाशंकर सिंह, जगद्गुरु लक्ष्मण आचार्य उदासीन संप्रदाय के मोनी बाबा उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक रंगीश ठाकुर ने आभार व्यक्त किए।

# कांग्रेसियों ने प्रीपेड मीटर के खिलाफ गंगा में किया जल सत्याग्रह

## राज्यस्तरीय विरोध के बाद आंशिक तौर पर सुधार की पहल क्यों, जब सब ठीक था

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार सरकार के बिजली विभाग के द्वारा लोगों के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में प्रीपेड मीटर लगाने का अभियान तेज किया गया है। पहले चरण में सरकार की ओर से सभी सरकारी कार्यालयों में प्रीपेड मीटर लगाने का काम किया जा रहा है। इसके साथ-साथ उपभोक्ताओं के यहां भी प्रीपेड मीटर लगाने का काम शुरू हो गया है। वहीं विपक्षी दलों के द्वारा लगातार प्रीपेड मीटर का विरोध किया जा रहा है। इसे लेकर रविवार को मारुफगंज स्थित पत्थर घाट में गंगा नदी में कांग्रेसियों ने जल सत्याग्रह किया। इस दौरान वे लोग अपनी मांगों से संबंधित बैनर और प्ले बोर्ड भी हाथों में ले रखे थे। इसकी अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ के अशोक यादव और संचालन कांग्रेसी नेता सुजीत कुमार कसेरा ने किया।




नेता द्वय ने कहा कि बिहार जैसे पिछड़े राज्य में स्मार्ट मीटर लगाना गलत प्रक्रिया है। यहां अनेक लोगों के पास स्मार्टफोन नहीं है और अनेक लोगों को रिचार्ज करने भी नहीं आता है। नतीजतन रिचार्ज खत्म होने के साथ ही बिजली कट जाती है और उन सबों को बिन बिजली के रहने के कारण दिनचर्या पूरी तरह से बाधित हो जाती है। कांग्रेसी नेता अशोक यादव ने कहा कि दिल्ली और पंजाब जैसे राज्यों के अनुसार बिहार में भी दो सौ यूनिट फ्री बिजली दी जाए। मीटर लगाने के पीछे जो अरबों रुपए कमीशन का खेल हुआ है, वह अभी पकड़ में आया है। अभी तो सिर्फ मोहरा है, इसके पीछे कई सफेदपोश हैं, जो लगातार दो-तीन बार मीटर बदलने को लेकर रुपए का आपस में बंदरबांट किए हैं। कांग्रेसी नेता अशोक यादव एवं सुजीत कसेरा ने स्पष्ट तौर पर कहा कि आखिर क्या कारण है कि जब विपक्ष ने प्रदेश स्तर पर प्रीपेड मीटर की खिलाफत शुरू की और इसका विरोध शुरू होने लगा, तब उसमें सुधार करने की दिशा में पहल की गई। मसलन अगर रिचार्ज खत्म होने के 48 घंटे तक बिजली नहीं कटेगी। रिचार्ज करने के बाद लाइन आपका चालू हो जाएगा। उसमें एक स्विच सिस्टम होगा, जिसको दबा कर आप अपना बैलेंस देख सकते हैं या रिचार्ज होने के बाद लाइन आ जाएगा। अनेक ऐसे फीचर को चालू किया गया है। इसका मतलब है कि कहीं न कहीं स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी थी। इसके सुधार की दिशा में आंशिक तौर पर ही सही, पहल की गई है। जल सत्याग्रह में बब्बन यादव, चंद्रपाल सिंह अरोड़ा, सुरेश साह, विजय महतो, टुनटुन शर्मा, सुनील राय, धर्मेंद्र पासवान, छोटू यादव, संजय यादव, पलटू यादव, दिनेश मेहता आदि शामिल थे।

# तालाब व गंगानदी के घाटों का निरीक्षण कर एक को रिपोर्ट सौंपेंगे अभियंता

- बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल पटना के अधीक्षण अभियंता ने जारी किया कार्यालय आदेश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल पटना के अधीक्षण अभियंता ने कार्यालय आदेश जारी किया है। इसमें छठ को लेकर खतरनाक घाटों की पहचान, घाट के दस मीटर के अंदर तक जलस्तर, दलदल तथा धंसान आदि की स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने के लिए जल संसाधन विभाग से संबंधित कार्यों के निष्पादन के लिए टीम का गठन किया गया है। इसमें नासरीगंज घाट से बुद्ध घाट तक कार्यपालक अभियंता सोन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, खगौल के विद्या शंकर शर्मा, केशव राय घाट से पथरी घाट और बीएनआर घाट तक गंगा सोन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल दीघा के कार्यपालक अभियंता शिशिर कुमार, नया मंदिर घाट से मिरचाई घाट तक पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल पटना सिटी के कार्यपालक अभियंता अभिनव आनंद और मानिकचंद तालाब घाट से बांस घाट तक पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल अनिसाबाद के कार्यपालक अभियंता ओम प्रकाश को अधिकृत किया गया है। 19 अक्टूबर को पत्रांक 1665 के द्वारा जारी आदेश में इन सबों को निर्देश दिया गया है कि अपने स्तर से सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता का घाटवार प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करते हुए समय-समय पर घाटों का निरीक्षण करते रहेंगे एवं उपरोक्त से संबंधित प्रतिवेदन एक नवंबर को मध्याह्न 12 बजे तक अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, पटना को भेजेंगे। सूची में सोन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, खगौल के अंतर्गत नासरीगंज से बुद्धा घाट तक की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरीके से गंगा सोन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, दीघा के मातहत 27 घाटों में केशव राय घाट, महाराज घाट, टेढ़ी घाट, खाजेकलां घाट, सीता घाट, मितन घाट, आदर्श घाट, सीढ़ी घाट, दुल्ली घाट, कॉलोनी घाट, नौजर घाट, महावीर घाट, भद्र घाट, कंटाही घाट, गायघाट ज्यूडिशल एकैडमी घाट, करनालगंज घाट, बरहरवा घाट, राजा घाट, गोसाईं घाट, मठ केदारनाथ घाट, लोहरवा घाट, नरकट घाट, घसियारी घाट, कोयला घाट, कदम्ब घाट, पथरी घाट, बीएनआर घाट शामिल है। वहीं पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल पटना सिटी के तहत नया मंदिर घाट, नया पंचमुखी चौराहा घाट, महावीर घाट, शिव घाट, दमराही घाट, दीदारगंज घाट बालू घाट, दीदारगंज घाट पूर्वी, दीदारगंज घाट, रकाबगंज घाट, नूरपुर घाट, अब्दुल रहमानपुर घाट, शरीफगंज घाट, दमराही घाट, बुंदेल टोली घाट, नुरुद्दीनगंज घाट व, नंदगोला घाट, पीरदमरिया घाट, गड़ेरिया घाट, अदरक घाट, पत्थर घाट, खिड़की घाट, कच्ची घाट, गुरु गोविंद सिंह कॉलेज घाट, चिमनी घाट, झाऊगंज घाट, हीरानंद साह घाट और मिरचाई घाट शामिल है। पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, अनिसाबाद बाद के अधीन भी 27 घाट है, जिसमें मानिकचंद तालाब घाट अनीसाबाद एवं कच्ची तालाब, गर्दनीबाग तालाब, महुआ बाग तालाब एवं कौटिल्य नगर तालाब, राजेंद्र कृषि फार्म तालाब, चिड़ियाखाना तालाब घाट, बीएसएपी तालाब घाट, जगरनाथ घाट, रोशन घाट, गंगा घाट, रानी घाट से लेकर बांस घाट तक शामिल है।

# जुआ खेलते छे गिरफ्तार नगद व ताश का पत्ता भी बरामद

- शराब पीने में दो व बेचने वाला 2 सौ लीटर देसी शराब के साथ धराया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना की पुलिस ने सिमली शाहदरा में छापामारी कर जुआ खेलते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी के दौरान नशा की हालत में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों से पूछताछ के बाद दो शराब विक्रेता को करीब सौ लीटर देसी शराब के साथ पकड़ा गया है। पकड़े गए सभी लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने के साथ ही जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में मालसलामी थाना के थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि दिवाली शुरू होने के साथ ही जुआरियों का मजमा लगना शुरू हो जाता है। इसी दौरान सिमली शाहदरा में छापामारी कर जुआ खेलते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में सभी सिमली बेलकुआं थाना मालसलामी का रहने वाला विक्की कुमार, सोनू कुमार, गुड्डू कुमार, राहुल कुमार, अष्टम पासवान और राहुल कुमार शामिल है। इन सबों के पास से नगद 2,660 रुपया और ताश का पत्ता भी बरामद किया गया है। वहीं दूसरी और पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान को भी जारी रखा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि नशे में धुत दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसमें सिमली पनदरिवा का रहने वाला रंजीत कुमार और जमुनापुर का रहने वाला भूषण कुमार है। दोनों को थाना लाकर पूछताछ की गई। इस दौरान दोनों ने जहां से शराब की खरीदारी कर सेवन किया था, उसका नाम और पता बताया गया। उन दोनों के बताए आधार पर पुलिस ने नवाबगंज बुंदेल टोली से ललन कुमार और धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया। साथ ही वहां से सौ लीटर देसी शराब भी बरामद किया गया है। इन सबों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ करने के बाद सबों को जेल भेज दिया गया है।

# जरासंध जयंती व सम्मान समारोह होगा 17 को

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय चंद्रवंशी कल्याण परिषद एवं भारतीय चंद्रवंशी एकता मंच के संयुक्त तत्वावधान में 17 नवंबर को जरासंध जयंती सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। दीवान मोहल्ला पातो की बाग शिव मंदिर परिसर में आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन वरीय समाजसेवी हरिनंदन प्रसाद चंद्रवंशी, डिप्टी मेयर रश्मि चंद्रवंशी और वार्ड पार्षद नीलम कुमारी करेंगी। बतौर मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, बीएन मंडल विश्वविद्यालय के सीनियर सदस्य डॉ प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, पटना महानगर भाजपा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, नंदकिशोर प्रसाद, वार्ड पार्षद बालाजी, अनिल कुमार आर्या, तनय कुमार, उमेश कुमार, राजेश चंद्रवंशी आदि होंगे। अध्यक्षता रामस्वरूप चंद्रवंशी, जबकि संचालन विनय कुमार बिट्टू एवं हरि नारायण करेंगे। स्वागतकर्ता में राजेश्वर चंद्रवंशी, सुनील कुमार चंद्रवंशी, संजीव कुमार चंद्रवंशी, राजेश प्रसाद चंद्रवंशी, राजू कर्ण एवं काशीनाथ चंद्रवंशी हैं। मरीजों की शल्य चिकित्सा,दिया कृत्रिम उपकरण पटना सिटी. पहाड़ी स्थित भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल में पोलियो एवं करेक्टिव शल्य चिकित्सा शिविर रविवार को हुई. जिसका उद्घाटन लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज कुमार बबलू ने की. शिविर में संस्कार भारती के प्रांतीय मंत्री रौशन कुमार सिंह ने ज्ञान प्रकाश,ज्योति प्रकाश ने अपने विचार रखे. इस दौरान डॉ एस एस.झा, डॉ मिथिलेश कुमार ने टीम के साथ 25 दिव्यांग मरीजों की शल्य चिकित्सा, 20 मरीजों का प्लास्टर, 25 दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण और 60 से ज्यादा मरीजों की ओपीडी. में जांच की. अतिथियो का स्वागत अस्पताल के महासचिव पद्मश्री बिमल जैन ने प्रतीक चिह्न व दुशाआ देकर की. अस्पताल के चेयरमैन देशबंधु गुप्ता ने अस्पताल के कार्यकलाप को रखा. आयोजन में पवन अग्रवाल,प्रो अनिल कुमार प्रसाद, प्रो एके वर्मा को सम्मानित किया.

# लोकमान्य तिलक मुंबई जनता एक्सप्रेस में हथियारबंद अपराधियों ने यात्रियों से लूटपाट के दौरान एक व्यक्ती को गोली मारी

दानापुर खगौल रेल थाना के अंतर्गत दानापुर-पं0डी0डी0यू रेलखंड पर चलती ट्रेन लोकमान्य तिलक मुंबई जनता एक्सप्रेस में हथियारबंद अपराधियों ने यात्रियों से लूटपाट के दौरान एक व्यक्ती को गोली भी मार दी। वारदात सदिसोपुर स्टेशन के समीप शनिवार रात करीब एक बजे की है। जख्मी व्यक्ती यूपी के मंडुआडीह थाना क्षेत्र के भूलनपुर गांव निवासी जय नाथ उपाध्याय के 40 वर्षीय पुत्र कृष्ण मोहन उपाध्याय हैं। जिनके बयान पर दानापुर जीआरपी ने अज्ञात चार से पांच हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं जख्मी को आरा सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद परिजन उन्हें वाराणसी लेकर चले गए। प्रत्यक्षदर्शी जख्मी के चचेरे भाई ओम प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि दोनों पटना के एक कंपनी में जमीन सर्वे करने का काम करते है। शनिवार की रात दोनों पटना से गाड़ी संख्या 13201 लोकमान्य तिलक मुंबई जनता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जा रहे थे। उन लोगों का स्लीपर बोगी में 41 व 44 सीट नंबर था। दोनों अपने बर्थ पर सोए हुए थे। रात करीब एक बजे ट्रेन सदिसोपुर स्टेशन के समीप पहुंची, तभी बोगी में चार-पांच हथियार बंद अपराधी घुस गए और यात्रियों से बैग छीनने लगे। अपराधियों ने उनका भी बैग छीन लिया और भागने लगे। उन्होंने विरोध किया, तो अपराधियों द्वारा उनके चचेरे भाई कृष्ण मोहन उपाध्याय को दो गोली मार दी गई। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसमें एक गोली उनके दाहिने हाथ लगी है, जबकि दूसरी गोली दायें सीने को छुते हुए निकल गई है। उसके बाद सभी अपराधी ट्रेन से उतर कर भाग निकले।

सम्पादकीय

## एक आम आदमी जो चप्पल पहनकर यात्रा करता है, वह भी विमान में दिखे। यह मेरा सपना है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

ऐसे देश में जहां आकाश आशा और आकांक्षा का प्रतीक है, वहां उड़ान भरने का सपना कई लोगों के लिए एक विलासिता बना हुआ है। यह सपना 21 अक्टूबर, 2016 को क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) - उड़ान, या ह्वउड़े देश का आम नागरिकह्व के शुभारंभ के साथ आकार लेना शुरू हुआ। नागर विमानन मंत्रालय की अगुवाई में, उड़ान का उद्देश्य भारत में ऐसे स्थानों जहां हवाई सेवा नहीं है और कम सेवा वाले हवाई अड्डों से क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाना है, जिससे आम लोगों के लिए हवाई यात्रा सस्ती हो सके। अपनी सातवीं वर्षगांठ मनाते हुए, उड़ान भारत सरकार की बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में। सपनो की उड़ान उड़ान की कहानी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन में निहित है जिन्होंने राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति की घोषणा से पहले एक महत्वपूर्ण बैठक में हवाई यात्रा को सर्व सुलभ बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया था। उन्होंने सुविदित रूप से कहा था कि वे हवाई जहाज में चप्पल पहने लोगों को चढ़ते देखना चाहते हैं, यह एक ऐसी भावना थी जिसने अधिक समावेशी विमानन क्षेत्र के लिए एक विजन दिया। आम आदमी के सपनों के प्रति इस प्रतिबद्धता ने उड़ान की शुरूआत की। पहली उड़ान 27 अप्रैल, 2017 को शिमला की शांत पहाड़ियों से भीड़-भाड़ वाले महानगर दिल्ली के लिए शुरू हुई। इस उद्घाटन उड़ान ने भारतीय विमानन में एक परिवर्तनकारी यात्रा की शुरूआत की जिसने अनगिनत नागरिकों की हवाई यात्रा के सपनों को साकार किया। एक बाजार-संचालित विजन उड़ान एक बाजार-संचालित मॉडल पर काम करता है, जहां एयरलाइनें विशेष मार्गों पर मांग का आकलन करती हैं और बोली के दौरान प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। यह योजना एयरलाइनों को व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) और हवाईअड्डा संचालकों, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न रियायतों के माध्यम से सहायता प्रदान करके वंचित क्षेत्रों को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। सहायता तंत्र सरकार ने कम आकर्षक मार्गों पर उड़ानें संचालित करने के लिए एयरलाइनों को आकर्षित करने के लिए कई सहायक उपाय किए हैंः एयरपोर्ट ऑपरेटरः वे आरसीएस उड़ानों के लिए लैंडिंग और पार्किंग शुल्क माफ करते हैं, और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) इन उड़ानों पर टर्मिनल नेविगेशन लैंडिंग शुल्क (टीएनएलसी) नहीं लगाता है। इसके अलावा, रियायती मार्ग संचालन और सुविधा शुल्क (आरएनएफसी) लगता है। केंद्र सरकारः पहले तीन वर्षों के लिए, आरसीएस हवाई अड्डों पर खरीदे गए एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर उत्पाद शुल्क 2 प्रतिशत तक सीमित है। एयरलाइनों को अपनी पहुंच का विस्तार करने के लिए कोड-शेयरिंग समझौते करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। राज्य सरकारेंः राज्यों ने दस वर्षों के लिए एटीएफ पर वैट को एक प्रतिशत या उससे कम करने और सुरक्षा, अग्निशमन सेवाओं और उपयोगिता सेवाओं जैसी आवश्यक सेवाओं को कम दरों पर प्रदान करती हैं। इस सहयोग तंत्र ने एक ऐसा माहौल तैयार किया है, जहां एयरलाइनें लंबे समय से उपेक्षित क्षेत्रों की सेवा करते हुए फल-फूल सकती हैं। विमानन उद्योग को बढ़ावा आरसीएस-उड़ान योजना ने भारत में नागरिक विमानन उद्योग को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले सात वर्षों में, इसने कई नई और सफल एयरलाइनों के उद्भव को गति दी है। इस योजना से फ्लाईबिग, स्टार एयर, इंडियावन एयर और फ्लाई 91 जैसी क्षेत्रीय एयरलाइनों को लाभ हुआ है। इन एयरलाइनों ने सतत व्यवसाय मॉडल विकसित किए हैं और क्षेत्रीय हवाई यात्रा के लिए एक बढ़ते व्यवसाय में योगदान दिया है। इस योजना के क्रमिक विस्तार से सभी आकारों के नए विमानों की मांग बढी है, जिससे आरसीएस मार्गों पर विमानों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसमें एयरबस 320/321, बोइंग 737, एटीआर 42 और 72, डीएचसी क्यू400, ट्विन ओटर, एम्ब्रेयर 145 और 175, टेकनम पी2006टी, सेसना 208बी ग्रैंड कारवां ईएक्स, डोर्नियर 228, एयरबस एच130 और बेल 407 जैसे विविध विमान शामिल हैं। उल्लेखनीय रूप से, भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने अगले 10-15 वर्षों में डिलीवरी के लिए 1,000 से अधिक विमानों के ऑर्डर दिए हैं, इससे लगभग 800 विमानों के मौजूदा बेड़े में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। पर्यटन को बढ़ावा आरसीएस-उड़ान केवल टियर-2 और टियर-3 शहरों को अंतिम मील कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए ही समर्पित नहीं है; यह पर्यटन क्षेत्र में तीव्र विकास करने में भी सहायक है। उड़ान 3.0 जैसी पहलों ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में कई गंतव्यों को जोड़ने वाले पर्यटन मार्ग शुरू किए हैं जबकि उड़ान 5.1 का ध्यान पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटन, आतिथ्य और स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं के विस्तार पर है। खजुराहो, देवघर, अमृतसर और किशनगढ़ (अजमेर) जैसे महत्वपूर्ण गंतव्यों तक अब पहुंच अधिक सुलभ हैं। यह धार्मिक पर्यटन की मांग को पूरा करते हैं। इसके अलावा, पासीघाट, जायरो, होलोंगी और तेजू में हवाई अड्डों की शुरूआत ने पूर्वोत्तर के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दिया है। उल्लेखनीय है कि अगाती द्वीप से भी हवाई सेवा शुरू की गई है जिससे लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा मिला है।

## अब अपनी बंद नहीं, खुली आंखों से देखेगी इंसाफ की देवी

देश के मुख्य न्याय मूर्ति श्री डी वाई चंद्रचूड़ ने न्याय के क्षेत्र में एक अनोखी पहल की जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट की लाइब्रेरी में लगी न्याय की देवी की प्रतिमा की आंखों से पट्टी हटा कर उनके हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब थमा दी गई है जबकि पहले इस प्रतिमा के एक हाथ में तराजू तो दूसरे हाथ में तलवार थी और आंखों में पट्टी बंधी हुई थी ये यह अनोखा परिवर्तन बहुत लंबे वक्त के बाद किया गया है जो अपने आप में कानून की देवी की एक अलग व्याख्या करता है। कानून अंधा होता है इसका तात्पर्य यह था कि उसकी निगाह में अमीर, गरीब, बलवान, कमजोर, पीड़ित और अत्याचारी सब एक जैसे हैं क्योंकि जब वह अपनी आंखों में पट्टी बांधे हुए थी तो उसके सामने यह सच नहीं आता था कि उसके सामने न्याय की मांग करने वाला कौन है इसलिए वो इनमें भेदभाव ना करते हुए न्याय प्रदान करती थी। कानून अंधा होता है ये ना केवल एक कहावत बन गई थी बल्कि इस पर फिल्में भी बनी है इसके साथ-साथ इस न्याय की देवी के एक हाथ में तराजू थी जो इस बात को प्रतिबिंबित करती थी कि उसके तराजू में कोई पासंग नहीं है वह वह दोनों पक्षों को बराबरी से सुनती है और फिर अपनी तराजू पर उसको तौल कर पर न्याय का प्रदर्शन करती है दूसरे हाथ में तलवार शक्ति का भी प्रदर्शन करती थी। तलवार वीरों का हथियार आदिकाल से हिंदू संस्कृति का एक अंग रहा है इस तलवार का अर्थ यह भी था कि न्यायालय जो भी निर्णय देता है उसका सम्मान संबंधित लोगों को करना चाहिए और ऐसा नहीं होता है तो वह तलवार की धार जैसा नुकीला निर्णय भी दे सकता है। अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही इस परिपाटी को बदलने का ना तो किसी ने सोचा था और ना ही इस पर किसी ने कोई पहल की थी लेकिन अपने कठोर निर्णयों के लिए मशहूर देश के मुख्य न्यायाधीश मूर्ति श्री डी वाई चंद्रचूड़ ने जो पहल की है उसने न्याय, और न्याय करने वालों को एक नई दिशा देने का प्रयास किया है। इस नई पहल के तहत इंसाफ की देवी की आंखों से पट्टी इसलिए हटा दी गई है कि वह अपनी खुली आंखों से सब कुछ देख सके, किसी अंधे की तरह टटोलकर किसी चीज का निर्णय न कर सके, अपनी जीवंत आंखों के माध्यम से हर मुकदमे को देखे समझे और फिर उस पर अपना निर्णय दें। आंखों पर से पट्टी हटाने के पीछे शायद यह कारण भी उनके दिलों दिमाग में रहा होगा कि कानून अगर अंधा माना जाएगा तो उसके निर्णय पर भी उंगली उठाई जा सकती है। इंसाफ की देवी के हाथ से तलवार हटाकर उनके हाथ में संविधान देना इस बात को भी रेखांकित करेगा कि कानून संविधान से बंधा हुआ है जो संविधान भारत के लिए लिखा गया है उसी के तहत कानून अपना काम करेगा। किसी भी देश का संविधान उस देश की आत्मा होता है भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में संविधान हर नागरिक, को हर संस्था को अलग-अलग अधिकार देता है जो एक सफल लोकतांत्रिक देश के लिए आवश्यक होता है। तलवार की बजाय न्याय की देवी के हाथ में संविधान देना इसी लोकतांत्रिक परिपाटी का एक सबसे सफल और सुखद अध्याय माना जाएगा। पिछले दिनों बहुत से ऐसे कानूनों में परिवर्तन किया गया जो अंग्रेजों के जमाने के थे उन्हें एक नई परिभाषा दी गई, धाराओं में बदलाव किया गया जो कहीं ना कहीं कानून को सरल और आम आदमी के लिए बेहतर न्याय के लिए उठाया गया कदम था अब देश के मुख्य न्यायमूर्ति ने न्याय की देवी को एक अलग प्रतिमूर्ति के रूप में दशार्ने की कोशिश की है वह निसंदेह भारत की कानून व्यवस्था, उसके प्रति सोच लोगों को मिलने वाले न्याय के प्रति एक सुखद दृष्टिकोण साबित होगा।

# देश को साम्प्रदायिकता की आग में झोंकते कुंठाग्रस्त लोगों के विमर्श

**जबकि वह प्रवक्ता शायद उम्र के मामले में राय साहब की उम्र से आधा भी नहीं होगा। स्वयं को सुप्रीम कोर्ट का वकील बताने वाला परिचर्चा का वही प्रतिभागी एक मुस्लिम राजनैतिक विश्लेषक को सरेआम मुल्ले, आतंकवादी कहकर व गंदी गालियां देकर बुला रहा था। अफवाह, साम्प्रदायिक तनाव व सनसनी फैलाने की गोया इन एंकर्स व प्रवक्ताओं को पूरी ट्रेनिंग हासिल है।वैसे भी कई राजनैतिक विश्लेषकों का मत है कि चूंकि उत्तर प्रदेश में अगले कुछ दिनों में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे हैं इसीलिये साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के लिये ही कुंठाग्रस्त लोग अपने कटु विमर्श के द्वारा देश की फिजा खराब करने में जुटे हुये हैं।**





**तनवीर जाफरी**
**लेखक**

भारतीय मीडिया विशेषकर इलेक्ट्रानिक मीडिया इन दिनों जितने निम्नस्तर पर जाकर अपने दर्शकों को उकसा और वरगला कर उनमें धार्मिक उन्माद व नफरत पैदा कर रहा है वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। ऐसा लगता है कि पिछले दस वर्षों से मीडिया को देश में नफरत फैलाने और साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने की खुली छूट मिली हुई है। झूठी खबरें प्रसारित करना, टी वी एंकर्स द्वारा झूठे ट्वीट करना फिर अपने उसी ट्वीट को डिलीट कर देना, अपनी विचारधारा से मेल न खाने वाले टी वी वार्ता के पैनल्स के सदस्यों को अपमानित करना, उनके साथ गली गलोच करना और यदि वह मुसलमान है तो उसे सीधे तौर पर मुल्ले, कटुवे या आतंकवादी, पाकिस्तानी, जिहादी आदि कुछ भी कहकर संबोधित करना बिल्कुल आम बात होती जा रही है। नफरती संस्कारों में परवरिश पाने वाले यह लोग अपने अपनी उम्र व अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि देखे बिना कभी किसी उच्चाधिकारी को अपमानित कर बैठते हैं तो कभी भारत के मुख्य न्यायाधीश तक के प्रति ऐसे अपशब्द अपने मुंह से निकालते हैं जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बहराइच में महराजगंज क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान साम्प्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में शामिल सैकड़ों लोग मुस्लिम बाहुल्य इलाके से डी जे पर तेज आवाज में कुछ आपत्तिजनक गाने बजाते हुये गुजर रहे थे। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार ने जुलूसों में डी जे के प्रयोग पर पाबन्दी लगा रखी है। उसके बावजूद डी जे पर तेज आवाज में धर्म विशेष को अपमानित करने वाले गाने बजाये जा रहे थे। खबर है कि मुसलमानों की तरफ से कुछ लोगों ने डी जे बंद करवाने के लिये कहा परन्तु भीड़ ने डी जे तो बंद नहीं किया परन्तु उग्र जरूर हो गयी। इसके बाद मुसलमानों के घरों को निशाना बनाते हुये तोड़फोड़ व आगजनी शुरू होगयी। इसी बीच राम गोपाल मिश्रा नामक एक गरीब नव विवाहित युवक जो भंडारों में लंगर बनाने का काम करता है वह आवेश में एक मुस्लिम व्यक्ति के घर की छत पर चढ़ गया। उसने छत पर इस्लामी प्रतीक के रूप में लगे झंडे को गिराने की कोशिश की जिससे झंडे के साथ ही छत की रेलिंग भी टूट गई। इसके बाद आक्रोशित मुसलमानों की तरफ से गोलीबारी हुई जिसमें राम गोपाल मिश्रा की गोलियां लगने से मौत हो गयी। डीजे पर तेज आवाज में आपत्तिजनक गाने बजना, राम गोपाल मिश्रा का आवेश में आकर किसी मुस्लिम व्यक्ति के घर की छत पर चढ़ना, इस्लामी प्रतीक झंडे को गिराना, हिंसा के लिये भीड़ को उकसाना आदि सब कुछ गैर कानूनी तो जरूर है, परन्तु इनका जवाब गोलीबारी करना या किसी की हत्या कर देना हरगिज नहीं। यह हत्या भी उतनी ही निंदनीय है जितना कि भीड़ द्वारा धर्म विशेष के लोगों को हिंसा के लिये उकसाया जाना। परन्तु बहराइच की इस हिंसा के बाद जो नफरत पूर्ण भूमिका टी वी चैनल्स व इन के नफरती ऐंकर्स यहाँ तक कि इस विषय पर आयोजित परिचर्चा में भाग लेने वाले पक्षपाती पैनल्स द्वारा अदा की गयी उसे देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्वयं को मुख्य धारा का मीडिया बताने वाला यह नेटवर्क दरअसल देश में अमन शांति व सद्भाव का पैरोकार नहीं बल्कि देश को नफरत व हिंसा की आग में झोंकने के लिये दिन रात एक किये हुए है। सबसे बड़ा नफरती खेल इस गैर जिम्मेदार मीडिया व सोशल मीडिया द्वारा राम गोपाल मिश्रा की मौत के बाद आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर खेला गया जिससे कि जलती आग में और घी डाला जा सके और दंगों को पूरे प्रदेश व देश में फैलाया जा सके। विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि राम गोपाल के शरीर में कई छर्रे लगे जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गयी। परन्तु मीडिया चीखता चिल्लाता रहा कि मृतक राम गोपाल पर तलवारों से हमला किया गया, उसके नाखून खींचे गये, उसे करंट लगाया गया उसकी लाश के साथ बर्बरता की गयी, आदि। जाहिर है उत्तेजना पूर्ण माहौल में इसतरह की अफवाह भरी खबरें जलती आग में घी डालने का ही काम करेंगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नफरती व्यवसाय में लगे कई पत्रकार सी एम ओ व पोस्टमार्टम करने वाले अन्य डॉक्टर्स से भी मिले तथा उनके मुंह से यह कहलवाने की कोशिश की कि क्या पैरों के नाखून खींचे गये ? क्या मृतक शरीर के साथ बर्बरता की गई ? परन्तु कोई भी डॉक्टर इन नफरती रिपोर्टर्स के झांसे में नहीं आया। और सब ने एक ही बात कही कि मृतक के शरीर में कई छर्रे लगे जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गयी। आखिरकार इन अफवाहों के बाद बहराइच पुलिस को स्वयं सामने आना पड़ा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की सच्चाई को अपने एक्स हैंडल से जारी करते हुये अफवाहों से दूर रहने व भ्रामक सूचनाओं को प्रसारित न करने की अपील करनी पड़ी। एक टी वी चैनल पर इसी विषय पर आधारित एक परिचर्चा में उत्तर प्रदेश के पूर्व ए डी जी पी विभूति नारायण राय जब अपने जीवन के लगभग चार दशक के आई पी एस के रूप में अपनी सेवा के अनुभव के अनुसार अपनी बात कह रहे थे उसी समय भाजपा का एक प्रवक्ता साफ तौर पर यह कहता सुनाई दिया कि मैं धर्मनिरपेक्ष नहीं हूँ बल्कि मैं केवल हिन्दू हूँ। उसके बाद उसने विभूति नारायण राय के प्रति भी अपशब्दों का इस्तेमाल किया।

# क्या न्याय की नयी मूर्ति निकाल पाएगी पांच करोड़ लंबित मुकदमों के हल?

**न्याय की देवी की मूर्ति में परिवर्तन सही है, लेकिन सबसे बड़ी जरूरत है कि देश की सड़ गल रही न्यायिक प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन हो, करोड़ों लंबित मुकदमों का निबटान हो, लोगों को समयबद्ध न्याय सुलभ कराने की व्यवस्था की जा सके ताकि लोगों को सही समय पर सुलभ तरीके से न्याय मिल सकें, तभी न्याय की मूर्ति में बदलाव के मायने सार्थक होंगे वरना इस तरह का बदलाव महज छलावा और आम आदमी को बहलाने के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। देश की अदालतों में लंबित पांच करोड़ मुकदमे न्याय व्यवस्था की हकीकत बयान करते हैं। तीस हाइकोर्ट में 169000 मुकदमे तो तीस साल पुराने हैं ऐसी न्याय व्यवस्था में मूर्ति बदल कर बदलाव आने की कल्पना महज मूर्खता ही कही जा सकती है**





**मनोज कुमार अग्रवाल**
**लेखक**

भारत की सबसे बड़ी अदालत में न्याय की देवी वाली प्रतिमा में बड़े बदलाव किए गए हैं। इस प्रतिमा पर लगी आंखों से पट्टी हटा दी गई है. वहीं, हाथ में तलवार की जगह भारत के संविधान की प्रति रखी गई है। सुप्रीम कोर्ट के सूत्रों का कहना है कि यह नई प्रतिमा पिछले साल बनाई गई थी और इसे अप्रैल 2023 में नई जज लाइब्रेरी के पास स्थापित किया गया था लेकिन अब इसकी तस्वीरें सामने आई हैं जो वायरल हो रही हैं। पहले इस प्रतिमा में आंखों पर बंधी पट्टी कानून के सामने समानता दिखाती थी। इसका अर्थ था कि अदालतें बिना किसी भेदभाव के फैसला सुनाती हैं। वहीं, तलवार अधिकार और अन्याय को दंडित करने की शक्ति का प्रतीक थी, हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट जजों की लाइब्रेरी में लगी न्याय की देवी की नई प्रतिमा में आंखें खुली हुई हैं और बाएं हाथ में संविधान है। सवाल यह है कि इस बदलाव से क्या देश की न्याय व्यवस्था में कुछ सकारात्मक परिणाम आएगा? क्या देश के सुप्रीम कोर्ट के जजों के चयन की प्रक्रिया से कालेजियम का ग्रहण हटाया जाएगा? क्या देश की अदालतो में न्याय की गुहार कर रहे लंबित पांच करोड़ मुकदमों की सुनवाई पूरी हो जाएगी? क्या एक गरीब आदमी को सस्ता सुलभ न्याय मिल पाएंगा? हमारे देश में मान्यता है कि न्याय का सिद्धांत सबके लिए समान है, और न्याय की देवी इसका प्रतीक मानी जाती हैं। सदियों से न्याय की देवी को विश्वभर की अदालतों में तराजू तलवार और आंखों पर बंधी पट्टी के साथ दशार्या जाता है। यह प्रतीक न्याय के निष्पक्ष और समान वितरण को दशार्ता है, जहां सभी बिना भेदभाव के बराबर होते हैं। मगर सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए न्याय की प्रतीक देवी की प्रतिमा को नया रूप दिया है। भारतीय संविधान लागू होने के 75 वें वर्ष में न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी हटा दी गई है, और अब उनके हाथ में तलवार की जगह संविधान है। न्याय की मूर्ति में इस बदलाव को लेकर अधिकतर सकारात्मक प्रतिक्रियाएं आ रही है और काननू के जानकारों के द्वारा इसको सही ठहराया जा रहा है। हालांकि, इस फैसले पर राजनीति गरमा गई है, जिसमें शिवसेना उद्धव बालासाहेब के नेता संजय राउत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। शिवसेना के यूबीटी सांसद संजय राउत ने न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटाने के निर्णय की आलोचना करते हुए सवाल उठाया है और कहा है कि न्यायालय का काम संविधान की रक्षा करना और संविधान के तहत न्याय करना है, लेकिन अभी सुप्रीम कोर्ट में क्या हो रहा है? आखिर वे न्याय की देवी के हाथों से तलवार हटाकर उसे संविधान से बदलने का फैसला कर क्या साबित करना चाहते हैं? वे पहले ही संविधान को मार रहे हैं और अब न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी हटाकर भ्रष्टाचार और संविधान की हत्या को खुलेतौर पर दिखाना चाहते हैं। यह भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रोपेगैंडा और अभियान है। राजनीतिक पार्टियों द्वारा भले ही न्याय की मूर्ति में बदलाव को राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन यह बदलाव सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पहल पर हुआ है। उनकी सोच है कि भारत को अपनी अंग्रेजी विरासत से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उनका मानना है कि न्याय की आंखें खुली होनी चाहिए, ताकि सभी के साथ समानता का व्यवहार हो। उनका कहना है कि अदालतें संविधान के आधार पर न्याय करती हैं और तलवार का प्रतीक हिंसा का होता है, जिसे हटाकर संविधान को स्थान दिया गया है। इस नई प्रतिमा में तराजू को बनाए रखा गया है, ताकि यह दिखाया जा सके कि अदालतें फैसला करने से पहले दोनों पक्षों को बराबरी से सुनती और तौलती हैं। दरअसल न्याय की देवी यानी लेडी ऑफ जस्टिस का इतिहास कई हजार साल पुराना है। इसकी अवधारणा प्राचीन ग्रीक और मिस्त्र की सभ्यता के दौर से चली आ रही है। न्याय की देवी, जिसे लेडी जस्टिस भी कहते हैं, की प्राचीन छवियां मिस्त्र की देवीमाता से मिलती-जुलती हैं। ये मिस्त्र के प्राचीन समाज में सत्य और व्यवस्था की प्रतीक थीं। ग्रीक पौराणिक कथाओं में न्याय की देवी थेमिस और उनकी बेटी डिकी हैं, जिन्हें एस्ट्राया के नाम से भी जाना जाता है। प्राचीन यूनानी दैवीय कानून और रीति-रिवाजों की प्रतिमूर्ति देवी थेमिस और उनकी बेटी डिकी की पूजा करते थे। डिकी को हमेशा तराजू लिए हुए चित्रित किया जाता था और ऐसा माना जाता था कि वह मानवीय कानून पर शासन करती है। प्राचीन रोम में डिकी को जस्टिटिया के नाम से भी जाना जाता था। ग्रीक देवी ह्यथीमिसह्व कानून, व्यवस्था और न्याय का प्रतिनिधित्व करती थी, जबकि रोमन सभ्यता में देवी ह्यमातह्व थी, जो कि व्यवस्था के लिए खड़ी एक ऐसी देवी थी, जो तलवार और सत्य के पंख रखती थी। हालांकि, मौजूदा न्याय की देवी की सबसे सीधी तुलना रोमन न्याय की देवी जस्टिटिया से की जाती है। ग्रीक सभ्यता दुनिया की ज्ञात सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है। ग्रीक सभ्यता में हजारों देवी- देवताओं की मान्यता रही है। वहां खेत, अंगूर, शराब, पानी, हवा, आकाश, रंगमंच, संगीत जैसी हर चीज के लिए एक देवी या देवता रहा है। प्राचीन ग्रीक के लोग अगाध भाग्यवादी थे और अपने हर कर्म में दैवीय मौजूदगी को मानते थे। यह उनके आध्यात्मिक प्रतीक थे, यह उनका दर्शन था, जिनसे वे मार्गदर्शन लिया करते थे। न्याय के लिए भी उन्होंने अपनी कल्पना से ऐसी फिलासफी सामने रखी, जो एक ऐसे प्रतीक के रूप में सामने आई जो दुनिया भर में अपनाई गई। पुनर्जागरण काल में यूरोप में मिथकों का निर्माण भी चलता रहा। नए उभरे गणराज्यों में न्याय की देवी नागरिकों के लिए कानून और न्याय की एक शक्तिशाली प्रतीक बन गई। यह राजाओं के दैवीय अधिकार के सिद्धांत का समर्थन करती थी, लेकिन इसमें लोकतांत्रिक सिद्धांतों के साथ न्याय की निष्पक्षता का महत्वपूर्ण सिद्धांत अहम था। न्याय की देवी के प्रतीक को दशार्ने वाली कलाकृतियां, पेंटिंग, मूर्तियां दुनिया भर में पाई जाती हैं। उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, मध्य- पूर्व, दक्षिणी एशिया, पूर्वी एशिया और ऑस्ट्रेलिया की अदालतों, कानून से जुड़े दफ्तरों, कानूनी संस्थाओं और शैक्षणिक संस्थानों में न्याय की देवी की प्रतिमाएं और तस्वीरें देखने को मिलती हैं। यूनानी सभ्यता से न्याय की देवी यूरोप और अमेरिका पहुंची।

# स्लम बस्ती में रहने वालों को भी स्वास्थ्य सुविधाएं पाने का अधिकार है...

रामलखन गुर्जर

विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या वाले देश भारत में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है. यद्यपि पिछले कुछ दशकों में इसमें काफी सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी इस क्षेत्र में और अधिक काम करने की आवश्यकता है. वर्ष 2024-25 के बजट में भी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के लिए 90, 958 करोड़ रुपए के बजट का ऐलान किया गया है. जो पिछले वर्ष 2023-24 के बजट में आवंटित किये गए 89, 155 करोड़ रुपए से दो फीसदी अधिक है. इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य अनुसंधान के क्षेत्र में भी बजट में वृद्धि की गई है. वर्ष 2023-24 के 2, 980 करोड़ रुपए की तुलना में इस वर्ष दस फीसदी से अधिक की वृद्धि करते हुए 3, 301.73 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं. इसके बावजूद न केवल ग्रामीण, बल्कि शहरी क्षेत्रों मंअ आबाद स्लम बस्तियों के लोगों को भी स्वास्थ्य की समुचित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं. राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित स्लम बस्ती ह्यरावण की मंडीह्व इसका एक उदाहरण है. जहां अभी भी स्वास्थ्य सुविधाओं तक लोगों की पहुंच नहीं हो पा रही है. जयपुर शहर अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है, लेकिन रावण की मंडी जैसे शहर के कुछ हिस्से ऐसे भी हैं जहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, यहां रहने वाले समुदायों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पीने का साफ पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं तक पहुंचने में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. इस संबंध में बस्ती में रहने वाली 47 वर्षीय लालिमा देवी बताती हैं कि ह्ययहां न तो स्वास्थ्य केंद्र है और न ही डॉक्टरों या नर्सों की सुविधा उपलब्ध है. प्रसव, टीकाकरण और अन्य चिकित्सा आवश्यकताओं की देखभाल के लिए भी कोई विशेष व्यवस्था नहीं है. परिणामस्वरूप, यहां गर्भवती महिलाओं और जन्म लेने वाले बच्चों की मृत्यु दर अधिक है.ह्व वह बताती हैं कि यहां रहने वाले किसी भी परिवार को पीने का साफ पानी भी नहीं मिल पाता है. अक्सर दूषित जल पीने के कारण बच्चे बीमार हो जाते हैं. लेकिन किसी प्रकार का पहचान पत्र नहीं होने के कारण उनका सरकारी अस्पताल में इलाज भी नहीं हो पाता है. वहीं आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण माता-पिता उन बच्चों का इलाज किसी निजी अस्पताल में कराने में सक्षम नहीं होते हैं. इस बस्ती में मलेरिया, दस्त और सांस संबंधी बीमारियां आम हैं क्योंकि यहां के लोग गंदगी और कचरे के बीच रहने को मजबूर हैं. राज्य सचिवालय से करीब 12 किमी दूर स्थित इस बस्ती में 40 से 50 झुग्गियां आबाद है. जिसमें लगभग 300 लोग रहते हैं. इस बस्ती में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों की बहुलता है. जिसमें जोगी, कालबेलिया और मिरासी समुदाय प्रमुख रूप से शामिल है. प्रति वर्ष विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन के लिए यहां रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले तैयार किए जाते हैं. जिसे खरीदने के लिए जयपुर के बाहर से भी लोग आते हैं. इसी कारण इस बस्ती को रावण की मंडी के रूप में पहचान मिली है. विजयदशमी के अलावा साल के अन्य दिनों में यहां के निवासी आजीविका के लिए रद्दी बेचने, बांस से बनाये गए सामान अथवा दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं. शहर में आबाद होने के बावजूद इस बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखने को मिलता है. इनमें स्वास्थ्य एक बहुत बड़ा मुद्दा है. यहां महिलाओं और बच्चों में स्वास्थ्य और पोषण की कमी सबसे ज्यादा देखने को मिलती है. यहां अधिकतर महिलाएं विशेषकर गर्भवती महिलाएं और नवजात बच्चे कुपोषण का शिकार हैं तो वहीं अन्य लोग विभिन्न प्रकार की बीमारियों का शिकार होते हैं. बस्ती की 38 वर्षीय लीला देवी बताती हैं कि वह कालबेलिया समुदाय से हैं. जिसे घुमंतू और खानाबदोश जनजाति के रूप चिन्हित किया जाता है. घुमंतू होने के कारण उनका कोई स्थाई ठिकाना नहीं होता था. ऐसे में उन लोगों का पीढ़ी दर पीढ़ी कभी कोई प्रमाण पत्र नहीं बन सका है. हालांकि अब वह लोग पिछले 8 वर्षों से रावण की मंडी में रह रहे हैं. इसके बावजूद अब तक उनका या उनके परिवार में किसी का स्थाई निवास प्रमाण पत्र नहीं बना है. इसके कारण सरकारी अस्पताल में उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल पाती है. जब वह सरकारी अस्पताल जाती हैं तो उन्हें यह कह कर लौटा दिया जाता है कि उनका कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है. उन्हें निजी अस्पताल में जाने को कहा जाता है. जहां इलाज काफी महंगा होता है. लीला के पति 42 वर्षीय काला राम कहते हैं कि सरकारी रिकॉर्ड में यह बस्ती अधिकृत नहीं हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, सोमवार,21 अक्टूबर, 2024



# शारदीय नवरात्रि पर भव्य देवी जागरण का हुआ आयोजन

## नगर रामलीला समिति के द्वारा राजा रामचन्द्र को प्रदान किया गया राजगद्दी

प्रातः किरण संवाददाता



आरा /भोजपुर। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर 18 दिवसीय रामलीला मंचन के पश्चात शनिवार को माता आरण्य देवी के पावन धरती पर 400 वर्ष पुरानी नगर रामलीला समिति के तत्वाधान मे आयोजित नगर रामलीला समिति के द्वारा राजा रामचन्द्र को राजगद्दी प्रदान किया गया।इस अवसर पर भव्य देवी जागरण एवं झांकी प्रदर्शन का भी आयोजन समिति के द्वारा किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. उसके बाद विधिवत पूजा कर राजा रामचंद्र को आज राजगद्दी पर बैठाया गया. हजारों की संख्या में आज दर्शक इस दृश्य का आनंद ले रहे थे .आज इस अवसर पर भव्य देवी जागरण का भी आयोजन किया गया. जागरण से पहले विधिवत पूजा पाठ किया गया जिसमें उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता और उनकी पत्नी और शंभू नाथ केसरी और उनकी पत्नी पंकज प्रभाकर और उनकी पत्नी प्रिया देवी ने अपना योगदान दिया. जिसमें प्रयागराज के कलाकारों द्वारा माता के भजन और झांकियां के द्वारा प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा. भक्ति गीतों पर दर्शक खूब झूमे और जय माता दी की जयकारों से सारा वातावरण गूंज उठा .आए हुए कलाकारों में इशरत जहां केडिया मुंबई ,अमन परवाना जमशेदपुर ,अमृत सिं नहा पटना ,विजय सोनी पटना ,संजीव प्रियदर्शी पटना,के गायकी से उपस्थित लोग झूम उठे .सोनाली तरुण चोपड़ा प्रयागराज, की झांकियां ने स्टेज पर साक्षात काली और दुर्गा का रूप दिखाए .कृष्ण और राधा का झांकी भी सराहनीय था .सर्वप्रथम अध्यक्ष सोनू राय ने आए हुए सभी अतिथियों एवं कलाकारों का स्वागत एवं अभिवादन किया उन्होंने मंच से सभी शहर वासियों एवं आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया कि उनके कारण ही आज इस रामलीला समिति का कार्यक्रम सफल हुआ. माता का आशीर्वाद और प्रभु श्री राम का आशीर्वाद सभी पर बना रहे ऐसी उन्होंने मंच से कामना की .

उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता ने सभी कलाकारों को अभिवादन किया एवं समिति के सभी सदस्यों को आभार व्यक्त किया. संरक्षक मंडल के हकीम प्रसाद ने राम के राजगद्दी मिलने पर कहा कि आज इस मंच पर प्रभु की वनवास का समय खत्म हुआ और बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा आज मां का जागरण है सभी श्रोताओं एवं लोगों को अभिवादन किया. उन्होंने कहा माता रानी का आशीर्वाद सब पर बना रहे . कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद ने कहा की राम के कार्य में कभी भी आर्थिक परेशानी ना आई है ना कभी आएगी सभी का भरपूर सहयोग मिला जिसके लिए रामलीला समिति सभी का बहुत आभारी है. धन्यवाद ज्ञापन करते हुए हैं महासचिव शंभू नाथ प्रसाद ने कहा कि राम के कार्य में कोई बाधा नहीं आई और ना ही कभी आएगा ह्न हुई है वही जो राम रचि राखाह्न यह उद्घोष के बाद उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया. मुख्य अतिथियों में पूर्व सांसद मीना सिंह, पूर्व एमएलसी लाल दास राय, प्रेम पंकज उर्फ ललन जी, श्री श्री 1008 रामकिंकर दास जी, राकेश रंजन उर्फ पुतुल जी, संजय महासेठ ,अशोक शर्मा, मालती देवी वार्ड पार्षद, आदित्य विजय जैन, डॉ विजय गुप्ता, डॉ अंशु डेंटिस्ट, संरक्षक मंडल में रामेश्वर प्रसाद ,हकीम प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, ,शंभूनाथ प्रसाद, मदन प्रसाद, दिलीप गुप्ता ,शंभू नाथ केसरी, विजय भारती ,गौतम उर्फ.राजा, सनी शाहबादी और रोटी बैंक के सदस्य मौजूद थे और हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता ही उपस्थित थे ।

## इमामगंज से हम ने दिया दीपा मांझी को टिकट



प्रातः किरण संवाददात

गया।हम पार्टी नें इमामगंज सीट पर तय किया अपना उम्मीदवार। रविवार को केन्द्रीय मंत्री जीतन राम माँझी ने दिया दीपा मांझी को दिया गया सिंबल।दीपा माँझी हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन की पत्नी हैं।

## डॉ त्रिपाठी जैसे निःस्वार्थ समाजसेवी इस धरती पर यदा कदा ही आया करते हैं :रूबी देवी

प्रातः किरण संवाददाता



गया। बिहार प्रदेश राजद के वरिष्ठ नेत्री रूबी देवी ने कहा कि डॉक्टर त्रिपाठी जी जैसे निःस्वार्थ समाजसेवी इस धरती पर यदा कदा ही आया करते हैं। और वे अपनी महान कार्यों से आने वाली पीढियों के प्रेरणास्रोत बनते हैं। पंडित राकेश बिहारी द्विवेदी ने कहा समाज सेवा को ही धर्म मानने वाले त्रिपाठी जी ने जिस साधन सुविधा के घोर अभाव में भी आयुर्वेद जगत के अलावे विभिन्न शैक्षिक तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में जो इतिहास रचा है, वह उनके प्राप्त दैवी शक्ति का ही परिणाम और प्रमाण है। शहर के प्रसिद्ध चिकित्सा के डॉ रविंद्र कुमार ने कहा इस युग पुरुष का समाज तो आभारी है ही, शिक्षा जगत भी डॉक्टर त्रिपाठी जी का युग- युग तक ऋणी रहेगा।इस अवसर पर जिन प्रमुख लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए उनमें प्रदेश भाजपा नेता हरे राम सिंह राजीव नयन पांडेय डॉक्टर ज्ञानेश भारद्वाज रंजीत पाठक शंभू गिरी राजेश त्रिपाठी अमित त्रिपाठी डॉक्टर कंचन सत्यनारायण पाठक डॉ उदय तिवारी डॉक्टर शशांक शेखर मिश्रा सुरेंद्र यादव उमानाथ भास्कर जुगल किशोर सिंह प्रमोद कुमार चौधरी आदि लोगों का नाम शामिल है.

## राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी कुर्था पुलिस ने दो इश्तिहार वारंटी एवं एक शराबी को किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था, अरवल पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निर्देश पर अवैध शराब कारोबारी एवं शराबियों व वारंटी के खिलाफ चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत कुर्था थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से दो इस्तेहार वारंटी व एक शराबी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि कुर्था थाना क्षेत्र के लारी महादलीत टोले से इश्तिहार वारंटी श्याम सुंदर मांझी व कुर्था से शत्रुघन राम उर्फ बादुर को गिरफ्तार किया गया वहीं मोतीपुर से जितेंद्र यादव नामक एक शराबी को गिरफ्तार किया गया छापेमारी अभियान में कुर्था थानाध्यक्ष के अलाबे अपर थानाध्यक्ष शमशेर आलम, एसआई स्मिता उपाध्यक्ष,एसआई रुपेश कुमार समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

## लायंस क्लब द्वारा स्व गंगा विशुन गुप्त की आत्मा शांति के लिए एक शोक सभा का किया गया आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

गया। निःशुल्क जेरिएटरीक क्लिनिक का आयोजन डा विजय कुमार करण शिशु रोग विशेषज्ञके नेतृत्व में आई एम ए भवन बिसार तालाव में सम्पन हुई जिसमें 50 मरीजों को चिकित्सीय परामर्श दिया गया है। निःशुल्क बी पी, शुगर एवं दमा जाँच किया गया। ईसीजी भी किया गया है। उपस्थित डाक्टर डा यतेन्द्र प्रसाद फिजीशियन, डा पी शेखर आँख, डा राजेन्द्र प्रसाद हड्डी, डा विजय कुमार करण शिशु, डा निमिलिका सिंह दांत, डा नवल चौधरी फिजियोथिरैपी एवं पारा मेडिकल स्टाफ। इसके बाद लायंस क्लव गया के द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें लायंस क्लव के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं सम्मानित चिकित्सक डा नंद किशोर गुप्ता के पिता स्व गंगा विशुन गुप्त के आत्मा की शांति के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया गया एवं स्व गंगा विशुन गुप्त के तैलीय तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया तथा दो मिनट का मौन रखा गया है। उपस्थित लायंस सदस्य डा विजय कुमार करण, डा नंद किशोर गुप्ता, राजन सिजुआर, जावेद युसुफ, अध्यक्ष विनय वर्मा, सचिव मनोज कुमार, संजय कुमार एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति थी।आज दिनांक 20.रविवार को लायंस क्लव गया के द्वारा आई एम ए भवन में लायंस क्लव के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं सम्मानित चिकित्सक डा नंद किशोर गुप्ता के पिता स्व गंगा विशुन गुप्त के आत्मा की शांति के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया गया एवं स्व गंगा विशुन गुप्त के तैलीय तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया तथा दो मिनट का मौन रखा गया है। उपस्थित लायंस सदस्य डा विजय कुमार करण, डा नंद किशोर गुप्ता, राजन सिजुआर, जावेद युसुफ, अध्यक्ष विनय वर्मा, सचिव मनोज कुमार, संजय कुमार एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति थी

# आगामी 28 को लोजपा रामविलास के स्थापना दिवस को लेकर बैठक की:सत्येन्द्र रंजन



प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाध प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजू तिवारी के निदेर्शानुसार आगामी 28 नवम्ब 2024 को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के 25 वां स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में आयोजित महारैली को सफल बनाने के लिए लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला कार्यालय में सभी प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया ।उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर गांधी मैदान में आयोजित महारैली को सफल बनाने के लिए गांव स्तर पर शीघ्र जनसम्पर्क अभियान चलाकर आमलोगों को महारैली में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया जायेगा ।

महारैली में अरवल जिला से लगभग पचास हजार लोग को शामिल होंगे । पार्टी के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान मुख्य अतिथि के रूप में महारैली को संबोधित करेंगे ।महारैली को लेकर आमलोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है । पार्टी के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में आयोजित महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता जोर शोर से कार्य मे लग जाये ।बैठक में कुर्था प्रखंड अध्यक्ष जय प्रकाश पासवान , करपी प्रखंड अध्यक्ष सुबोध कुमार यादव , वंशी प्रखंड अध्यक्ष महावीर पासवान , अरवल प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार , कलेर प्रखंड अध्यक्ष एजाज अहमद , कलेर प्रखंड उपाध्यक्ष अमरनाथ पासवान , जिला संगठन मंत्री रमेश रजक , जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार , बृजा पासवान , खभैणी पंचायत के मुखिया विकास कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए ।

## फिल्म के प्रमोशन के लिए 25 को पटना पहुचेंगे विक्रांत मैसी

### करेंगे अपने सभी फैंस के साथ मुलाकात



■ मीरजापुर के बबलू भैया उर्फ विक्रांत मैसी करेंगे पटना की यात्रा! साबरमती एक्सप्रेस का करेंगे प्रमोशन।

प्रातः किरण संवाददात

पटनाः- विक्रांत मैसी, जो अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जाने जाते हैं, अपनी आने वाली फिल्म साबरमती एक्सप्रेस के प्रमोशन के लिए 25 तारीख को पटना आ रहे हैं। इस दौरे का उद्देश्य फिल्म को ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुँचाना है। विक्रांत का उत्तर भारत से गहरा जुड़ाव है, क्योंकि उन्होंने पहले भी मिर्जापुर जैसे सफल शो में काम किया है, जहां उन्होंने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है।

पटना में अपनी यात्रा के दौरान, विक्रांत मैसी आनंद कुमार जो सुपर 30 के लिए जाने जाते हैं वो उनसे मुलाकात करेंगे पटना जंक्शन के सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर जाकर दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे। विक्रांत बताते हैं की यह मुलाकात उनके फैंस के लिए भी विशेष होगी, क्योंकि दोनों ने शिक्षा और प्रेरणा के महत्व को अपने - अपने तरीके से साझा किया है। विक्रांत का यह दौरा फिल्म के प्रमोशन के साथ-साथ उत्तर भारत के दर्शकों के साथ एक खास रिश्ता बनाने का भी एक मौका है।

बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा प्रेजेंट, द्यद साबरमती रिपोर्टह्न में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा ने लीड रोल में हैं, जो धीरज सरना द्वारा डायरेक्टेड और शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन द्वारा प्रोड्यूस है। फिल्म 15 नवंबर 2024 को रिलीज होगी।

## राधा शरण सिंह मेमोरियल फुटबॉल कप जिला फुटबॉल लीग चैंपियनशिप का किया गया उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददात



आरा। राधा शरण सिंह मेमोरियल फुटबॉल कप जिला फुटबॉल लीग चैंपियनशिप 2024/ 25 महेंद्र नारायण फुटबॉल क्लब पिरौटा के द्वारा आयोजित जिला लीग चैंपियनशिप का उद्घाटन मैच शाहाबाद हीरोज बनाम महेंद्र नारायण फुटबॉल क्लब पिरौटा के बीच खेला गया।

खेल के शुरूआती क्षण में शाहाबाद हीरोज के खिलाड़ी जर्सी नंबर 16 उत्तम कुमार ने अपनी टीम के लिए पांचवें मिनट में प्रथम गोल किया इस तरह शाहाबाद हीरोज की टीम मैच में 1 गोल से आगे हो गई पिरौटा टीम के खिलाड़ी अभी एक गोल से उभर पाते कि हीरोज टीम के खिलाड़ी उत्तम कुमार ने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल 12 मिनट में कर दिया इस तरह शाहाबाद हीरोज की टीम मैच में दो गोल से आगे हो गई शाहाबाद हीरोज की टीम मैच में अपना पकड़ बनाए हुए थी 25 मिनट में शाहाबाद हीरोज टीम के खिलाड़ी धर्मेंद्र कुमार ने अपनी टीम के लिए तीसरा गोल कर दिया इस तरह शाहाबाद हीरोज की टीम मध्यांतर तक तीन गोल से मैच में बढ़त बनाए हुए थी मध्यांतर के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी एक दूसरे के पर जबाबी हमला करते रहे और मैच के अंतिम चरण मे हिरोज टिम के खिलाड़ी अमन कुमार ने गोल किया ।इस तरह शाहाबाद हीरोज की टीम ने पिरौटा को 4/0 से पराजित किया इस मैच के निर्णायक के रूप में धनजी कुमार सुजीत कुमार सिंह राहुल कुमार सिंह और डॉक्टर रंजन सिंह थे

इस उद्घाटन मैच की अध्यक्षता जिला फुटबॉल संग भोजपुर के अध्यक्ष श्री राम मूर्ति प्रसाद ने कि उद्घाटन करता के रूप में बी डी सिंह मौर्य होटल के सीएमडी सह अध्यक्ष मां काली बखोरापुर थे और मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुनील सिंह गोपाल संस्थापक जय मां काली बखोरापुर थे

संचालन जिला फुटबाल संघ भोजपुर के सचिव से रविंद्र कुमार ने किया संघ के सचिव रविंद्र कुमार ने बताया कि कल का प्रथम मैच आदर्श फुटबॉल क्लब बेरथ बनाम नवज्योति क्लब पकड़ी के बीच खेला जाएगा

कल का दूसरा मैच आदर्श क्लब बिहिया बनाम एथलेटिको क्लब आरा के बीच खेला जाएगा इस अवसर पर उपस्थित लोगों में इस लीग के संयोजक वीर बहादुर यादव संरक्षक अशोक मानव, डॉ रंजन कुमार सिंह कार्यालय सचिव जिला फुटबाल संघ भोजपुर पुष्पेंद्र सिंह उपाध्यक्ष जिला फुटबाल संघ भोजपुर लाल बहादुर लाल पर्यवेक्षक शशि सिंह पर्यवेक्षक श्री अजय सिंह सुधीर कुमार सिंह सुनील कुमार सिंह अतहर करीम शमशाद डॉ लक्ष्मण तिवारी अलखसिंह रवि शंकर राजेंद्र प्रसाद मुकेश सिंह गजाधर सिंह विनय कुमार सिंह अखिलेश सिंह धर्मेश उपाध्याय और डॉक्टर रोहित कुमार उपस्थित थे।

## वार्ड पार्षद 15 के माता के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि



प्रातः किरण संवाददात

गया।गया वार्ड नंबर 15 के पार्षद दीपक कुमार चंद्रवंशी की माता जी का निधन की सूचना से सभी गया वासियों, धीरज गुप्ता स्तब्ध हूं। इस शोकाकुल परिजनों के प्रति मैं गहरी संवेदना व्यक्त करने वाले मे मेयर विरेन्द्र कुमार, पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव,नैयर अहमद,ओम प्रकाश सिंह, अनिल स्वामी अनंत धीश अमन,डा मनिष पंकज मिश्रा, धीरेन्द्र चंद्रंशी,डा प्रेम कुमार, डिम्पल कुमार आदी। बिहार सरकार के मंत्री ने इस दुःख भरी घड़ी में ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में उच्च स्थान दें और दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

## मोरहर नदी में सैकड़ो लोगों ने किया अवैध कब्जा



प्रातः किरण संवाददात

शेरघाटी।आमस प्रखंड क्षेत्र के मनसाडीह गांव लगभग एक सौ महादलित टोले को लोग अपने परिवार के साथ वाजिदपुर स्थित मोरहर नदी के किनारे बनाया अशियाना।

इधर स्थानीय लोगों का कहना है कि सभी लोग मांसडीह गाँव स्थित व्यक्ति घर बनाकर रह रहे है।

फिरभी अवैध कब्जा करने के लिए मोरहर नदी में झोपड़ी देखकर दिन भर रहते है और रात में गाँव चले जाते है। बातचीत के दौरान नरेश मांझी, सहेंद्र मांझी, कारू मांझी,जितेंद्र मांझी समेत अन्य लोगों ने बताया कि जिस जगह पर हमसब लोग रहते थे, वहाँ रैयती जमीन है हमसब लोगों को आने-जाने में काफी समस्या हो रही है। जिससे हमलोग परेशान भी कर रहे थे। हालांकि महादलित परिवार के लोगों ने बताया कि इसकी सूचना अधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी समेत स्थानीय मुखिया को भी सूचना दिया था। लेकिन उन सब लोगों ने भी अब तक कोई सहयोग नहीं किया।

हालांकि घटना के जानकारी मिलते ही अंचलाधिकारी मौके पर पहुँचकर लोगो को समझते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा है।

# इंडिया भोजपुर जिला इकाई के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया भोजपुर जिला इकाई के द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भोजपुर जिला इकाई आरा के संयुक्त तत्वाधान में जिले के बुजुर्गों के लिए एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आज के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रेड क्रॉस सभागार दक्षिणी रमना रोड में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके श्री धीरेंद्र प्रसाद सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं डॉ बी एन यादव चेयरमैन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला इकाई, डॉ राजेश सिंह प्रेसिडेंट आई एम ए भोजपुर श्री बी डी सिंह प्रदेश अध्यक्ष सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं डॉ विजय सिंहा हृदय रोग विशेषज्ञ मेदांता हॉस्पिटल पटना डॉ विभा कुमारी सचिव रेड क्रॉस सोसाइटी ने किया।

आज के स्वास्थ्य शिविर में कुल-250 वृद्ध जनों एवं मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सीय सलाह दी गई। आज की कार्यक्रम में डॉक्टर एस के रुंगटा नेत्र रोग, डॉक्टर के एन सिंहा जेनरल फिजिशियन, डा के के सिंह,जेनरल फिजिशियन, डॉ शशि कुमार जेनरल फिजिशियन, डॉक्टर पी सिंह सर्जन ,डॉ विजय गुप्ता लेप्रोस्कोपिक सर्जन, डॉ राजेश सिंह नाक कान गला, डॉ श्वेता सोनी दंत रोग, डॉ मदन मोहन द्विवेदी फिजियोथैरेपी डॉ संगीता सिंह स्त्री रोग, डॉक्टर वंदना शेखर स्त्री रोग, डॉ राकेश सिंह हड्डी रोग, डॉ सुनील कुमार,के साथ साथ इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित मेदांता हॉस्पिटल पटना के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजय सिंह ने भी अपनी सहभागिता निभाई। आज की जांच शिविर में वृद्ध जनों एवं मरीजों के लिए हड्डी की जांच, ब्लड शुगर की जांच ,इ सी जी,ईको जांच की भी व्यवस्था की गई जिसमें-आराधिया फर्मास्युटिकल प्राइवेट लिमिटेड और मेदांता हॉस्पिटल के एक और एक के टेक्नीशियन ने योगदान दिया ।


इस अवसर पर मरीजों को चिकित्सीय सलाह के साथ-साथ दवाओं का भी वितरण किया गया जिसमें महत्वपूर्ण सहयोग डॉक्टर के एन सिंहा ए एसएमओ सदर अस्पताल भोजपुर ने दिया।

शिविर में सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के श्री अशोक मिश्रा श्री रविंद्र यादव श्री जोगिंदर यादव श्री बी बी मिश्रा श्री गोवर्धन सिंह, श्री राघव सिंह श्री हरेंद्र सिंह आदि के साथ-साथ भोजपुर जिला इकाई के रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यकारिणी सदस्यों एवं संरक्षकों की गरिमामय उपस्थिति रही। संपूर्ण स्वास्थ्य जांच शिविर कार्यक्रम का आयोजन देखरेख एवं संचालन रेड क्रॉस की सचिव विभा कुमारी के नेतृत्व में किया गया ।

## पुलिस ने शराब के साथ चालक को किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी। पुलिस ने शहर के गोला बाजार रोड राज हाल मोड़ के निकट से एक ई रिक्शा पर लाद कर ले जा रहे अंग्रेजी शराब के साथ चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 375 बोतल देसी शराब एवं 34 बोतल ब्लैक डॉग अंग्रेजी शराब को भी जप्त किया ।



## राज्यपाल ने हांग कांग से बिहार लौटने पर खिलाड़ियों को किया सम्मानित

अरवल।हांग कांग में आयोजित होने ड्रैगनबोड एशियन चैंपियनशिप में अरवल जिला के करपी प्रखण्ड के कोमल कुमारी ने बोटिंग रेश (ड्रैगनबोड) में 200 एवं 500 में कास्य पदकं प्राप्त हुआ , हांग कांग से बिहार लौटने पर बिहार के महामहिम राज्यपाल राजेंद्र विशवनाथ आरलेकर ने कोमल कुमारी को ढेर सारा बढ़ाई एवं शुभकामना देकर सम्मानित किया और उत्साह बढ़ाए ।उन्होंने ने बोला की इसी तरह अपने राज्य का नाम रौशन करे , इसी मौके पर हमारे अरवल जिला के खिलाड़ियों ने भी कोमल कुमारी को फूल माला एवं डीजे के साथ बड़े ही उत्साह के साथ सम्मानित किया ।

# मौसमी वो दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की सेवा के नियमितीकरण करे सरकार : सत्येन्द्र

प्रातः किरण संवाददाता




औरंगाबाद। सिंचाई विभाग के मौसमी-दैनिक-वेतनभोगी कर्मचारी अपनी सेवा के नियमितीकरण एवं अन्य चौदह सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु अपनी राज्य कमिटी के आह्वान पर आगामी बिहार विधानसभा के शरत-कालीन सत्र के दौरान विधान सभा के समक्ष दो दिवसीय धरना देंगे जिसमें भाग लेने के लिए औरंगाबाद जोन के सैंकड़ों मौसमी कर्मी पटना जाएंगे। उक्त आशय का निर्णय उनथु फॉल नहर पुल पर आयोजित ह्लबिहार राज्य सिंचाई विभाग मौसमी- दैनिक- वेतनभोगी कर्मचारी यूनियनह्न की औरंगाबाद जोन की एक आम सभा में लिया गया। उक्त निर्णय के अलावा इस सभा में मौसमी कर्मियों की सेवा नियमित करने हेतु पटना हाई-कोर्ट में चल रहे मुकदमे को भी पूरी ताकत एवं गंभीरता से लड़ने का निर्णय लिया गया। इस सभा में बतौर प्रेक्षक उपस्थित महासंघ (गोप गुट) के जिला सचिव-सत्येन्द्र कुमार ने उपस्थित मौसमी कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लसिंचाई विभाग के मौसमी कर्मचारियों को अपनी तबकागत मांगों के अलावा सिंचाई विभाग के विभिन्न कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भी अपना संघर्ष तेज करना चाहिए तथा जनता के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ किए जा रहे संघर्षों में अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए । उन्होंने हाल ही में खरांटी नहर पर झिकलाही में बनाए गए नए पुल को एक माह में ही ध्वस्त हो जाने के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत की जांच निगरानी अन्वेषण-ब्यूरो द्वारा कराने की मांग गंभीरता से उठाने का भी आह्वान किया । इसी तरह से उन्होंने मौसमी कर्मचारियों का यह भी आह्वान किया कि वे एसओपी के नाम पर भ्रष्टाचार के नए दरवाजे खोलने वाले निर्णय के खिलाफ आम जनता के बीच जबरदस्त भंडाफोड़ अभियान चलाएं ताकि जनता यह जान सके कि एसओपी से न तो किसानों को कोई फायदा है और न ही कर्मचारियों का ; बल्कि इससे सिर्फ और सिर्फ बड़े अफसरों,ठेकेदारों एवं बड़े नेताओं को ही फायदा होने वाला है । उन्होंने कहा कि यह एसओपी मौसमी कर्मियों के लिए एक ह्यमौत का फरमानह्न की तरह है जिसका पूरी ताकत के साथ विरोध किया जाना चाहिए ।सभा को संबोधित करते हुए महासंघ( गोप गुट) के जिला अध्यक्ष रामइशरेश सिंह ने कहा कि मौसमी कर्मियों को ह्यअभी नहीं तो कभी नहींह्न के तर्ज पर अब राज्य स्तर पर धारावाहिक संघर्ष शुरू करना होगा ; ताकि सालों भर काम एवं नियमितीकरण समेत अन्य तमाम मांगों को हासिल करने हेतु सरकार एवं पदाधिकारियों पर निर्णायक दबाव बनाया जा सके ।सभा में एक प्रस्ताव इस आशय का भी पारित किया गया कि आने वाले निकट भविष्य में सेवा के नियमितीकरण के अलावा अपनी तात्कालिक मांगों में शामिल अन्य विभिन्न मांगों ; जैसे-सेवा के नियमितीकरण होने तक सभी मौसमी कर्मियों को सालों भर काम की गारंटी करने, स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा मौसमी कर्मियों के खिलाफ किए जा रहे शोषण-दमन-उत्पीड़न बंद कराने,सभी मौसमी कर्मियों को विभाग के स्तर से पहचान-पत्र निर्गत कराने, उन्हे वर्दी,टॉर्च, सिटी,साइकिल,छाता एवं कार्य से संबंधित अन्य उपकरण मुहैय्या कराने,मौसमी कर्मचारियों से स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा सादा मास्टर-रॉल पर जबरदस्ती हस्ताक्षर कराकर उन्हें वेतन से वंचित कर देने की प्रवृति पर रोक लगवाने, उनके खाते में राशि भेजकर भी उनसे वापस राशि वसूल कर लेने की प्रथा बंद करवाने,मौसमी कर्मियों के साथ पदाधिकारियों द्वारा गुलामों जैसे किए जा रहे अपमानजनक दुर्व्यवहार बंद कराने एवं उक्त मामलों से संबंधित शिकायतों की विभाग के बाहर के किसी प्रशासनिक पदाधिकारी से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करवाने सहित अन्य 14-सूत्री मांगों की पूर्ति के लिए भी राज्य स्तर से लेकर डिवीजन स्तर तक अपना धारावाहिक और जुझारू आन्दोलन जारी रखने का निर्णय लिया गया ।सभा की अध्यक्षता यूनियन के औरंगाबाद जोन अध्यक्ष देवगीर यादव ने की जबकि संचालन यूनियन के जोन सचिव अर्जुन प्रसाद ने किया ।इनके अलावा इस सभा को यूनियन के जोन कोषाध्यक्ष - देवपूजन सिंह, उपाध्यक्ष- सुभाष यादव, मौसमी कर्मचारी यूनियन के वरिष्ठ नेता पुरुषोत्तम द्विवेदी, टेकारी डिवीजन के अध्यक्ष प्रमोद सिंह,सुनील सिंह आदिथे




## स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटा सकती है केंद्र सरकार, इस उम्र के लोगों को होगा फायदा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जीवन बीमा प्रीमियम और सीनियर सिटीजन के स्वास्थ्य बीमा को लेकर बड़ा अपडेट आया है। केंद्र सरकार टर्म जीवन बीमा पॉलिसियों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में जीएसटी छूट दे सकती है। राज्य मंत्रिस्तरीय पैनल के अधिकांश सदस्यों ने आम आदमी को लाभ पहुंचाने के लिए करों में कटौती का समर्थन किया है। जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर पर निर्णय लेने के लिए मंत्री समूह की शनिवार को बैठक हुई। जिसमें जीवन बीमा तथा वरिष्ठ नागरिकों द्वारा स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम को कर मुक्त किया जा सकता है। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए पांच लाख रुपये तक के कवरेज वाले स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया गया।

# 5 गलतियां जो बायजू को पड़ गई भारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बायजू की वैल्यू जीरो यूं ही नहीं हुई है। कंपनी ने पिछले कुछ समय में ऐसे फैसले लिए जो उस पर अब भारी पड़ गए हैं। बायजू पर आज भारी कर्ज है। साथ ही इस कंपनी को रेगुलेटरी जांच से भी गुजरना पड़ रहा है और उनसे अपनी फाइनेंशियल रिपोर्टिंग में देरी की है। इससे कंपनी की वित्तीय हालत और पारदर्शिता पर सवाल खड़े हुए हैं। फिलहाल कंपनी दिवालियापन संकट से जूझ रही है।




1. **कंपनियां खरीदना–** बायजू ने बड़ी कंपनी बनने के लिए कई कंपनियों का अधिग्रहण किया। कोरोना के समय ऑनलाइन एजुकेशन में बूम आने के कारण कंपनी ने खुद को विस्तार करने की योजना बनाई। ऐसे में इसने व्हाइटहैट जूनियर और ग्रेट लर्निंग जैसी कंपनियों का अधिग्रहण कर लिया। इसमें व्हाइटहैट जूनियर का अधिग्रहण करीब एक बिलियन डॉलर में किया था। इससे बायजू पर 1.2 बिलियन डॉलर से ज्यादा का कर्ज हो गया। यह कंपनी के रेवेन्यू से कहीं ज्यादा था।
2. **कोरोना के बाद आई मंदी–** कोरोना से पहले जहां ऑनलाइन एजुकेशन सेक्टर बूम पर था तो वहीं इसके बाद इसमें तेजी से मंदी आई। इसका कारण था कि स्टूडेंट वापस स्कूल जाने लगे और कोचिंग भी ऑफलाइन मोड में शुरू हो गई। चूंकि बायजू ऑनलाइन एजुकेशन की सुविधा देती है, ऐसे में इस कंपनी पर भी बुरा असर पड़ा। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी ने 5592 करोड़ रुपये का घाटा दिखाया। वहीं पिछले वर्ष के दौरान यह घाटा 2428 करोड़ रुपये था।
3. **कंपनी पर बढ़ता कर्ज–** कंपनी पर कर्ज लगातार बढ़ता गया। कोरोना के समय कंपनियों को खरीदने के कारण कंपनी पहले से ही कर्ज में थी। इसके बाद कंपनी ने मार्केटिंग में भी भारी रकम खर्च की। इसके लिए कंपनी ने कई बड़े आयोजन किए और सेलिब्रिटी को भी अपने विज्ञापनों में शामिल किया। इसने इन चीजों से भी कंपनी के कर्ज में इजाफा किया।
4. **कानूनी विवाद में पड़ना–** जब कंपनी पर कर्ज बढ़ गया तो वह उसे चुकाने में नाकाम रहने लगी। इस कारण जो लेनदार थे, उन्होंने कंपनी पर कोर्ट केस दायर करना शुरू कर दिया। यही नहीं, कंपनी के खिलाफ दिवालियापन की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का भी कंपनी से कानूनी विवाद चल रहा है।
5. **अच्छा प्रदर्शन नहीं–**कंपनी को आंतरिक स्तर पर भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई ऐसे मामले सामने आए जब स्टूडेंट ने शिकायत की कि उन्हें अच्छे से पढ़ाया नहीं जा रहा है। सोशल मीडिया पर ऐसे कई मामले सामने आए। कंपनी ने इसने कोई सबक नहीं लिया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2021-22 की वित्तीय रिपोर्ट में भी लगभग एक साल की देरी की, जिससे निवेशकों का विश्वास काफी कम हो गया।

# करीब 30 साल पुरानी कंपनी का आ रहा आईपीओ

### टाटा समेत सरकारी फर्म भी इसके क्लाइंट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीओ मार्केट में एक और कंपनी की एंट्री होने वाली है। इस कंपनी का नाम- यूनाइटेड हीट ट्रांसफर लिमिटेड है। 22 अक्टूबर 2024 को लॉन्च हो रहे इस आईपीओ के जरिए कंपनी एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होगी। यह गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024 को बंद होगा। मतलब ये कि 24 अक्टूबर तक आईपीओ पर दांव लगाने का मौका रहेगा। आइए इस आईपीओ के बारे में विस्तार से जान लेते हैं। इस आईपीओ से कंपनी का लक्ष्य पर 2999.56 लाख रुपये जुटाना है। कंपनी 50,84,000 नए इक्विटी शेयरों का इश्यू 10 रुपये की फेस वैल्यू पर करेगी ।

**आईपीओ में किसका कितना हिस्सा–** यूनाइटेड हीट ट्रांसफर लिमिटेड के आईपीओ में क्यूआईबी एंकर का हिस्सा 14,34,000 इक्विटी शेयर तक है। इसके अलावा कॉलिफिएड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के हिस्से में 24,08,000 इक्विटी शेयर, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर (एनआईआई) में कम से कम 7,28,000 इक्विटी शेयर, रिटेल इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स (आरआईआई) में कम से कम 16,92,000 इक्विटी शेयर और मार्केट मेकर 2,56,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड हैं।

### क्या होगा पैसे का

साल 1995 में वजूद में आई कंपनी– यूनाइटेड हीट ट्रांसफर लिमिटेड इस आईपीओ से कमाई का उपयोग वर्किंग कैपिटल की जरूरतों, लोन चुकाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। पिछले 3 दशकों से यूनाइटेड हीट ट्रांसफर लिमिटेड अपनी इंडस्ट्री में दबदबा बनाए हुए है। इस कंपनी के हीट एक्सचेंजर उपकरण जैसे- शेल और ट्यूब हीट एक्सचेंजर्स, एयर कूल्ड हीट एक्सचेंजर्स, मरीन हीट एक्सचेंजर्स, मॉइस्चर सेपरेटर, ऑटोमैटिक बैकफ्लश फिल्टर, प्रेशर वेसल्स और प्रोसेस फ्लो स्किड्स आदि क्लाइंट्स के बीच लोकप्रिय हैं।

### कंपनी के क्लाइंट

यूनाइटेड हीट ट्रांसफर लिमिटेड के क्लाइंट की बात करें तो टाटा ग्रुप की कंपनी वोल्टास के अलावा सरकारी कंपनी भेल, इंडियन नेवी, ओएनजीसी, एचएएल हैं। इसके अलावा भी कई ऐसी कंपनियां हैं जो इसके ग्राहकों में शामिल हैं।

### क्या कहा एमडी ने

यूनाइटेड हीट ट्रांसफर लिमिटेड के एमडी योगेश पाटिल ने कहा– हम आईपीओ लाने के लिए उत्साहित हैं, यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। यह आईपीओ हमें यूरोप, यूएसए और एशियाई देशों में विस्तार करके डोमेस्टिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने विविध ग्राहकों के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत करने में सहायता करेगा।

## 2 लाख रुपये का निवेश... 2 साल की मेहनत... और अब करोड़ों की कमाई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान की रहने वालीं प्राची सेकसरिया फैशन ब्रांड मूरा की फाउंडर हैं। उनकी यह कंपनी साड़ी बनाती है। प्राची ने यह बिजनस अपने पति के साथ मिलकर शुरू किया। शुरुआती निवेश मात्र 2 लाख रुपये था। उन्होंने कड़ी मेहनत की और 2 साल में ही इसे करोड़ों रुपये के कारोबार में बदल दिया। प्राची फ्रीलांस कॉपीराइटर रही हैं। वह अपना कोई बिजनस शुरू करने की प्लानिंग कर रही थीं। लेकिन कोई अच्छा आइडिया दिमाग में नहीं आ रहा था। साल 2021 के आखिरी महीनों की बात है। एक दिन उनके पति ने उन्हें ब्लॉक-प्रिंटेड कॉटन साड़ी दिलवाई। जब उन्होंने इस साड़ी को पहना तो यह बाकी साड़ियों से अलग लगी। यह साड़ी बहुत हल्की थी, जिससे इसे पहनने में बिल्कुल भी मुश्किल नहीं आई। यहीं से उनके दिमाग में साड़ी के बिजनस का आइडिया आया। प्राची बताती हैं कि जब उन्होंने साड़ी का बिजनस शुरू करने के बारे में सोचा तो इसके बारे में उन्होंने अपने पति से चर्चा की। पति ने प्राची के बिजनस का समर्थन किया और इस काम में उनकी मदद की। इसके बाद मई 2022 में प्राची ने अपना साड़ी ब्रांड मूरा लॉन्च किया। वह साड़ियों को रंगने के लिए प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करती हैं। साड़ियों को राजस्थान के बगरू में हाथ से ब्लॉक प्रिंटिंग करने वाले कारीगर बनाते हैं। प्राची ने अपने साड़ी के कारोबार में स्थानीय परंपरा को जिंदा रखा है। इनका ब्रांड मूरा शहर की आधुनिक महिलाओं को ध्यान में रखकर उनके लिए सड़ियां बनाता है। लेकिन इसमें मशीनों का इस्तेमाल बहुत कम होता है।

## प्रीमियम प्लास्ट लि. का आईपीओ खुलेगा

**मुंबई।** कमर्शियल वाहन ओईएम को उच्च गुणवत्ता के प्लास्टिक पार्ट्स की डिजाइन, निर्माण और सप्लाई में सुविज्ञता रखने वाली आटोमोटिव कॉम्पोनेंट्स की टियर 1 सप्लायर, प्रीमियम प्लास्ट लिमिटेड ने 21 अक्टूबर 2024 को अपना इनिशियल पब्लिक आफरिंग खोलने का प्रस्ताव किया है.कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत ?26.20 करोड़ एकत्र करने का है. कंपनी के शेयर्स एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे.आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग मौजूदा पीथमपुर निर्माण सुविधा के विस्तार के लिए, मशीनरी की खरीदी के लिए, ग्रिड सोलर पावर प्लांट पर रूप टॉप स्थापित करने के लिए कंपनी के पूंजी खर्च जरूरत का वित्त पोषण करने के लिए, लोन का रीपेमेंट करने के लिए और आम कॉर्पोरेट खर्च और इश्यू खर्च के वित्त पोषण के लिए किया जाएगा.इश्यू 23 अक्टूबर, 2024 को बंद होगा. इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर खांडवाला सिक्योरिटीज लिमिटेड है.इश्यू की रजिस्ट्रार बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है.प्रीमियम प्लास्ट लिमिटेड के प्रमोटर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री चेतन दवे ने कहा, कंपनी के अपने आगामी आईपीओ के साथ एक परिवर्तनशील अध्याय तक पहुंचने से हम गर्व के साथ उस माइलस्टोन को दर्शाते हैं जिसने हमारी यात्रा को आकार दिया है. हम कमर्शियल वाहन, इंडस्ट्रियल एप्लीकेशंस, पैकेजिंग और सोलर सॉल्यूशंस सहित विभिन्न उद्योगों को उच्च गुणवत्ता के प्लास्टिक कॉम्पोनेंट्स की डिजाइन, निर्माण और सप्लाई करते हैं. पब्लिक में जाने का निर्णय एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन को दर्शाता है, विस्तारित उत्पादन, बड़ी हुई परिचालन क्षमता और टिकाऊपन में निरंतर निवेश के लिए सुअवसरों को खोलना है. यह आईपीओ ना सिर्फ कंपनी की मजबूत आधारशिला पर प्रकाश डालता है बल्कि दीर्घकालीन वैल्यू का निर्माण और मैन्युफैक्चरिंग में उत्कृष्ट के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि करते हुए भावी ग्रोथ के लिए स्टेज का भी निर्माण करता है.

## एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज आईपीओ को मिली बोर्ड की मंजूरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक ने देश अपनी सब्सिडियरी यूनिट एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज को आईपीओ के जरिए 12,500 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दे दी है। इस कंपनी में एचडीएफसी बैंक की कुल हिस्सेदारी 94.6 प्रतिशत की है। बैंक आईपीओ में ऑफर फार सेल के जरिए 10,000 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री करेगा। कल यानी शनिवार (19 अक्टूबर) को एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ने इस नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी के आईपीओ को मंजूरी दे दी। हालांकि, अभी आईपीओ के प्राइस बैंड और अन्य डीटेल्स पर फैसला नहीं हुआ। बता दें, आईपीओ के बाद भी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक की सब्सिडियरी बनी रहेगी। बीते 6 साल में एचडीएफसी ग्रुप के किसी कंपनी का आईपीओ आ रहा है। एचडीएफसी बैंक ने अपने बयान में कहा है, प्रस्तावित आईपीओ के प्राइस बैंड और अन्य की जानकारी आने वाले समय में दी जाएगी।

# 8 कंपनियों के आईपीओ इस हफ्ते हो रहा है ओपन




**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस हफ्ते प्राइमरी मार्केट काफी व्यस्त रहने वाला है। 21 अक्टूबर से 25 अक्टूबर के दौरान 8 कंपनियों के आईपीओ खुलने जा रहे हैं। इन कंपनियों की लिस्ट में वारी इंजीनियरिंग, दीपक बिल्डर्स शामिल हैं। आइए एक-एक करके जानते हैं इनके विषय में -

### वारी एनर्जी लिमिटेड आईपीओ

कंपनी का आईपीओ निवेशकों के लिए 21 अक्टूबर को खुलेगा। वहीं, निवेशकों के पास इस आईपीओ पर 23 अक्टूबर तक दांव लगाने का मौका रहेगा। कंपनी ने आईपीओ के लिए 1427 रुपये से 1503 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। कंपनी ने 9 शेयरों का लॉट बनाया गया है। बता दें, इस आईपीओ का साइज 4321.40 करोड़ रुपये का है।

### दीपक बिल्डर्स इंजीनियर्स लिमिटेड

यह आईपीओ 21 अक्टूबर को खुल जाएगा। कंपनी का आईपीओ निवेशकों के लिए 23 अक्टूबर तक खुला रहेगा। कंपनी ने 192 रुपये से 203 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। वहीं, 73 शेयरों का एक लॉट बनाया गया है।

### गोदावरी रिफाइनरीज़ आईपीओ

इथेनॉल आधारित केमिकल बनाने वाली कंपनी गोदावरी रिफाइनरीज आईपीओ 23 अक्टूबर को खुल जाएगा। कंपनी का आईपीओ निवेशकों के लिए 25 अक्टूबर तक ओपन रहेगा। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 334 रुपये से 352 रुपये है।

### प्रीमियम प्लास्ट लिमिटेड

कंपनी ने आईपीओ के लिए 46 रुपये से 49 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। कंपनी ने 3000 शेयरों का एक लॉट बनाया है। यह एसएमएई आईपीओ 21 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक ओपन रहेगा। इस एसएमई आईपीओ का साइज 26.20 करोड़ रुपये का है।

### दानिश पावर लिमिटेड

इस आईपीओ का साइज 197.90 करोड़ रुपये का है। कंपनी ने आईपीओ के लिए 360 रुपये से 380 रुपये प्राइस बैंड तय किया गया है। आईपीओ रिटेल निवेशकों के लिए 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक खुला रहेगा।

- **यूनाइटेड हीट ट्रांसफर आईपीओ –** यह आईपीओ निवेशकों के लिए 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक खुला रहेगा। कंपनी के आईपीओ का साइज 30 करोड़ रुपये का है। बता दें, आईपीओ का प्राइस बैंड 56 रुपये से 59 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है। बता दें, 2000 शेयरों का एक लॉट बनाया गया है।
- **ओबीएससी परफेक्शन आईपीओ–**यह आईपीओ 22 अक्टूबर तक खुल जाएगा। आईपीओ निवेशकों के लिए 24 अक्टूबर तक खुला रहेगा। कंपनी आईपीओ के जरिए 66.02 करोड़ रुपये जुटाने का प्रयास करेगी। बता दें, आईपीओ का प्राइस बैंड 95 रुपये से 100 रुपये है। कंपनी ने 1200 शेयरों का एक लॉट बनाया है।
- **ऊषा फाइनेंशियल सर्विसेज आईपीओ –** रिटेल निवेशक 24 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक इस आईपीओ पर दांव लगा पाएंगे। कंपनी के आईपीओ का साइज 98.45 करोड़ रुपये का है। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 160 रुपये से 168 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। बता दें, 800 शेयरों का एक लॉट बनाया गया है।

## दुनिया भर में पेट्रोल के गिरे दाम, भूटान जैसे गरीब देश में भी भारत से सस्ता तेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल की गिरावट के चलते दुनिया भर में पेट्रोल सस्ता हो गया। यहां तक कि नेपाल में भी पेट्रोल का औसत रेट भारत से सस्ता है। पड़ोसी देशों में श्रीलंका को छोड़ भूटान, बांग्लादेश, चीन, पाकिस्तान, म्यांमार तक में भारत के मुकाबले 37 रुपये लीटर तक सस्ता है। क्योंकि, ब्रेंट क्रूड एक बार फिर 70 डॉलर के करीब आ गया है। दूसरी ओर डब्ल्यूटीआई क्रूड 70 डॉलर के नीचे है। जारी 14 अक्टूबर के प्राइस लिस्ट के मुताबिक भारत में पेट्रोल की औसत कीमत 100.97 रुपये प्रति लीटर है। जबकि, पाकिस्तान में करीब 26 रुपये सस्ता 74.75 रुपये लीटर है। नेपाल में पेट्रोल 98.75 रुपये और चीन में 94.96 रुपये लीटर बिक रहा है। भारत के एक और पड़ोसी बांग्लादेश की बात करें तो यहां एक लीटर पेट्रोल का दाम केवल 85.09 रुपये लीटर है। यानी भारत से करीब 15 रुपये सस्ता। म्यांमार में यह और सस्ता है। यहां पेट्रोल की कीमत 83.70 रुपये है। भूटान में तो भारत के मुकाबले पेट्रोल 37 रुपये तक सस्ता है। पड़ोसियों में श्रीलंका एक मात्र ऐसा देश हैं, जहां पेट्रोल भारत से महंगा है। यहां पेट्रोल का भाव 108.06 रुपये लीटर है।



**दुनिया भर में क्यों सस्ता हो रहा पेट्रोल–** कच्चे तेल की कीमत रूस-यूक्रन युद्ध के समय 130 डॉलर तक पहुंच गई थी। बाद में 90 डॉलर तक आ गई। इधर इजरायल-हमास में युद्ध के कारण क्रूड 80 से 95 डॉलर प्रति बैरल के बीच चलता रहा। अब पिछले एक हफ्ते से गिरावट जारी है। ब्लूमबर्ग एनर्जी पर जारी ताजा रेट के मुताबिक ब्रेंट क्रूड का दिसंबर वायदा 73.06 डॉलर प्रति बैरल है। जबकि, डब्ल्यूटीआई का नवंबर वायदा 69.22 डॉलर प्रति बैरल।

**भारत में पेट्रोल-डीजल के रेट में कोई बदलाव नहीं–** जहां तक भारत की बात है तो अभी तक ऑयल मार्केटिंग पेट्रोलियम कंपनियों ने अप्रैल के बाद से पेट्रोल-डीजल के रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। बता दें, भारत में सबसे सस्ता ईंधन बेचने वाला केंद्र शासित प्रदेश अंडमान-निकोबार है। अंडमान निकोबार के पोर्ट ब्लेयर में 1 लीटर पेट्रोल की कीमत केवल 82.42 रुपये है।



## जोकोविच ने नडाल को, सिनेर ने अल्काराज को हराया

**रियाद (एजेंसी)।** इटली के यानिक सिनेर ने कार्लोस अल्काराज को 6.7, 6.3, 6.3 से हराकर सिक्स किंग्स स्लैम नुमाइशी टेनिस चैम्पियनशिप जीती जबकि नोवाक जोकोविच ने तीसरे स्थान के मैच में रफेल नडाल को 6.2, 7.6 से हराया। नडाल अपने कैरियर में आखिरी बार यह चैम्पियनशिप खेल रहे थे। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिए खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कहेंगे। इस नुमाइशी टूर्नामेंट के पिछले दौर में अल्काराज ने नडाल और सिनेर के अलावा जोकोविच को भी हराया था। इस टूर्नामेंट में पुरस्कार राशि मिलती है लेकिन एटीपी अंक नहीं।

## रणजी ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर का शतक, बोले- टीम इंडिया में जगह बनानी है



**मुंबई (एजेंसी)।** पीठ की सर्जरी के बाद लंबे प्रारूप में खेलने के लिए संयम और लचीलापन लाने पर कड़ी मेहनत करने वाले मुंबई के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने शनिवार को भारतीय टेस्ट टीम में वापसी की इच्छा व्यक्त की। बार बार पीठ की चोट से जूझने वाले इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल सर्जरी करवाई थी। लगभग तीन साल पहले टेस्ट में पदार्पण करने वाले अय्यर ने महाराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच के दौरान लाल गेंद के क्रिकेट में शतक बनाया। उनका अंतिम प्रथम श्रेणी शतक नवंबर 2021 में कानपुर टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ बना था।

अय्यर ने दिन का खेल समाप्त होने पर कहा कि बहुत लंबे समय के बाद वापसी करना विशेष लगता है। मैं अपनी चोटों के कारण थोड़ा निराश महसूस कर रहा था, लेकिन अब बहुत लंबे समय के बाद शतक बनाना बहुत अच्छा अहसास है। उन्होंने कहा कि 'मैं वापसी के लिए पूरी तरह से उत्सुक हूं। लेकिन जैसा कि हम कहते हैं नियंत्रण में रहने वाली चीजों पर नियंत्रण रखें। मेरा काम लगातार अच्छा प्रदर्शन करना है और जितना संभव हो सके उतना क्रिकेट खेलना है। साथ ही यह भी ध्यान रखता है कि शरीर की फिटनेस कायम रहे।

अय्यर को इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की केंद्रीय अनुबंध सूची से भी हटा दिया गया था। उन्होंने आखिरी बार फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में हिस्सा लिया था। हालांकि उन्होंने अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में भाग लिया था। वह टेस्ट में खेलने के उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि मैं टेस्ट में खेलने के लिए बेताब हूं। तभी मैं खेल रहा हूं, मेरा मतलब है कि अगर ऐसा नहीं होता तो मैं कोई कारण देखकर बैठ सकता था।

भारत- न्यूजीलैंड टेस्ट

# आखिरी दिन नहीं हुआ कोई चमत्कार




## न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद टेस्ट जीता

**बेंगलूर (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने जसप्रीत बुमराह के खतरनाक स्पैल का डटकर सामना करते हुए आखिरी दिन किसी चमत्कार की भारत की कोशिशों पर पानी फेर दिया । पहला टेस्ट आठ विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारतीय सरजमीं पर पारंपरिक प्रारूप में सफलता का स्वाद चखा। आखिरी बार न्यूजीलैंड ने भारत को 1988 में जॉन राइट की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम पर 136 रन से हराया था। जीत के लिये 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने शुरूआती झटकों के बाद कोई कोताही नहीं बरती। विल यंग 48 रन बनाकर और रचिन रविंद्र 39 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 75 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को तीन मैचों की श्रृंखला में 1.0 से बढत दिला दी।

पहली पारी में 46 रन पर आउट होने के बावजूद भारत ने जिस तरह मैच में वापसी की थी, वह काबिले तारीफ है। उसे अब पुणे में 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में इस हार को भुलाकर अपना स्वाभाविक खेल दिखाना होगा। गले की जकड़न से उबरने के बाद शुभमन गिल की दूसरे टेस्ट में वापसी तय लग रही है लेकिन पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 150 रन बनाने वाले सरफराज खान को अब अनदेखा नहीं किया जा सकता।

भारत को यह भी देखना होगा कि तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरना है या तीन स्पिनर ही उतारने है। यह फैसला एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर कारगर साबित नहीं हुआ। आखिरी दिन गीली आउटफील्ड के कारण मैच एक घंटा विलंब से 10 बजकर 15 मिनट पर शुरू हुआ। नयी गेंद संभालते हुए बुमराह ने 29 रन देकर दो विकेट लिये। टॉम लाथम खाता खोले बिना पहले ही ओवर में आउट हो गए। अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दिया जिस पर उन्होंने रिव्यू लिया। डीआरएस में भी उनके आउट होने की पुष्टि हो गई। भारत को तीसरे तेज गेंदबाज की कमी महसूस हुई होगी क्योंकि विकेट से बुमराह और मोहम्मद सिराज को मदद मिल रही थी। भारत ने तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को उतारा था जिन्होंने तीन ओवर में 26 रन दिये। डेवोन कोंवे भी बुमराह के सामने असहज लग रहे थे और 17 रन बनाकर पगबाधा आउट हो गए। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय दो विकेट पर 35 रन था लेकिन यंग और रविंद्र ने इसके बाद संभलकर खेला। आसमान खिलने के बाद बल्लेबाजी में दिक्कत नहीं हुई और दोनों ने ढीली गेंदों को नसीहत दी । पहली पारी में शतक जमाने वाले रविंद्र ने कुलदीप को छक्का भी लगाया।

## लुका मोड्रिक रियल मैड्रिड के लिए खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए

**पोंटेवेद्रा (स्पेन) (एजेंसी)।** कप्तान लुका मोड्रिक विगो में रियल मैड्रिड के इतिहास में एक आधिकारिक मैच में प्रतिस्पर्धा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। क्रोएशियाई खिलाड़ी 39 साल और 40 दिन की उम्र में बैलाडोस में सेल्टा के खिलाफ मैच में उतरे और फेरेंक पुस्कस के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। 39 साल और 40 दिन की उम्र में बैलाडोस में मैदान पर उतरने वाले कप्तान ने पुस्कस के 1966 से बने रिकॉर्ड को 4 दिनों से हरा दिया। हंगेरियन ने हमारे क्लब के लिए अपना आखिरी आधिकारिक मैच 1966 में 39 साल और 36 दिन की उम्र में खेला था। इसके अलावा, लुका ने रियल मैड्रिड के खिलाड़ी के रूप में अपनी 250वीं लालिगा जीत भी दर्ज की। मिडफील्डर, जिसने प्रतियोगिता में अपना 369वां गेम खेला, क्लब में अपने 13वें सीज़न में इस मील के पत्थर तक पहुंचा। 2 सितंबर 2012 को लालिगा में पदार्पण करने के बाद से, मॉड्रिक ने टीम को 4 मौकों (2017, 2020, 2022 और 2024) में चैंपियनशिप जीतने में मदद करने के लिए 28 गोल किए हैं। जिस टीम के खिलाफ उन्होंने लीग में सबसे अधिक जीत हासिल की है वह सेल्टा है, जिसे उन्होंने 19 मौकों पर हराया है। मॉड्रिच रियल मैड्रिड के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 547 खेलों में 27 खिताब जीते हैं- 6 यूरोपीय कप, 5 क्लब विश्व कप, 5 यूरोपीय सुपर कप, 4 स्पेनिश लीग खिताब, 2 स्पेनिश कप और 5 स्पेनिश सुपर कप।



# याद रहे- पहला टेस्ट हारने के बाद हमने इंग्लैंड से 4 टेस्ट जीते थे : रोहित शर्मा

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को यकीन है कि न्यूजीलैंड के हाथों पहला टेस्ट आठ विकेट से हारने के बावजूद उनकी टीम उसी तरह वापसी करेगी जैसे इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ लगातार 4 मैच जीतकर की थी। पहली पारी में घरेलू टेस्ट में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर आउट होने वाली भारतीय टीम ने दूसरी पारी में वापसी की लेकिन 8 विकेट से हार गई। रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा कि इस तरह के मैच होते हैं। हम इसे भुलाकर आगे बढ़ेंगे। हमने इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच गंवाने के बाद 4 मैच जीते हैं। हमें पता है कि हर एक खिलाड़ी को क्या करना है। उन्होंने स्वीकार किया कि हालात को भांपने में उनसे गलती हुई लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने सोचा नहीं था कि भारतीय टीम 46 रन पर आउट हो जाएगी।

रोहित ने कहा कि मैंने प्रेस कार्फ्रेस में कहा था कि हमें पता था कि शुरूआत में दिक्कत होगी लेकिन हमने यह नहीं सोचा था कि टीम 46 रन पर आउट हो जाएगी। न्यूजीलैंड में अच्छी गेंदबाजी की और हम नाकाम रहे। उन्होंने कहा कि दूसरी पारी में हमने अच्छी बल्लेबाजी की। जब आप 350 रन पीछे हों तो ज्यादा कुछ नहनीं कर सकते। कुछ अच्छी साझेदारियां बनी। हम सस्ते में आउट हो सकते थे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सरफराज और ऋषभ ने शानदार बल्लेबाजी की। सरफराज ने काफी परिपक्व पारी खेली। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल खेलने वाले रचिन रविंद्र को लाल और काली मिट्टी पर खेलने का अनुभव था जिससे वह रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा का डटकर सामना कर सके।

पहली पारी में शतक जमाने वाले रविंद्र ने कहा कि चेन्नई में तैयारियों के दौरान हमने अलग-अलग पिचों पर, लाल और काली मिट्टी पर अभ्यास किया जिससे काफी फायदा मिला। रविंद्र के दादा दादी अभी भी बेंगलुरू में रहते हैं और परिवार के सामने इस तरह की पारी खेलकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि यह अच्छा शहर और बल्लेबाजी के लिए अच्छी विकेट थी। परिवार के सामने खेलना जज्बाती था। इससे यह पारी और खास हो गई।

**46 रन पर ऑल आउट होने से हम पीछे हो गए, अगले दो मैचों में देंगे अपना सर्वश्रेष्ठ** - एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच आठ विकेट से हारने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि पहली पारी में 46 रन पर ऑल आउट होने से उनकी स्थिति कमजोर हुई और उन्होंने कहा कि उनकी टीम अगले दो मैच जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने को तैयार है। खेल के दूसरे दिन बारिश के कारण पहला दिन धुल जाने के बाद भारत 46 रन पर आउट हो गया - यह उनका तीसरा सबसे कम टेस्ट स्कोर था और घरेलू मैदान पर टेस्ट मैच में उनका अब तक का सबसे कम स्कोर था। मैंने दूसरे दिन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हम जानते थे कि यह चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि मौसम बादलों से घिरा हुआ था और पिच भी मुश्किल थी। हमने नहीं सोचा था कि हम 46 रन पर ऑल आउट हो जाएंगे, लेकिन न्यूजीलैंड को श्रेय देना चाहिए। इससे हम पीछे रह गए और इस तरह के मैच होते रहेंगे। रोहित ने मैच के बाद कहा, अच्छी चीजों को आगे ले जाना होगा। हम पहले भी यहां आ चुके हैं, घरेलू मैदान पर हार झेल चुके हैं; ऐसी चीजें होती रहती हैं। अभी दो टेस्ट मैच और बाकी हैं, हम जानते हैं कि इसके लिए क्या करना होगा और अगले दो टेस्ट मैचों में हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। हालांकि भारत ने दूसरी पारी में सरफराज खान (150) और ऋषभ पंत (99) के बीच चौथे विकेट के लिए 177 रनों की जवाबी साझेदारी की बदौलत 426 रन बनाए।

**युवा बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर गर्व- भारतीय कप्तान** - रोहित ने कहा, उन्हें दोनों युवा बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर गर्व है। बल्लेबाज़ी में दूसरी पारी में यह एक अच्छा प्रयास था। हम जानते थे कि आगे क्या होने वाला है, इसलिए जितना संभव हो सके, उतने रन बनाने चाहिए। कुछ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, यह देखना शानदार था। जब आप 350 रन पीछे होते हैं, तो आप ज़्यादा नहीं सोच सकते। बस कोशिश करनी होती है और गेंद को बल्ले से मारना होता है और देखना होता है कि खेल किस ओर जाता है। साझेदारी को खेल में लाना रोमांचक था।

हम आसानी से 350 रन से कम पर आउट हो सकते थे, यह ऐसी चीज है जिस पर हमें गर्व है। जब पंत और सरफराज बल्लेबाजी करते हैं तो हर कोई अपनी सीटों पर बैठा रहता है। पंत की पारी काफी परिपक्व थी; वह काफी समय से ऐसा कर रहा था, और उसने अपने शॉट भी खेले। सरफराज अपने तीसरे या चौथे टेस्ट में ही बहुत स्पष्ट और परिपक्व था।

**24 अक्टूबर से दूसरा होगा टेस्ट मैच** - भारत जो अब तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से पीछे है, अब 24-28 अक्टूबर तक न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेलने के लिए पुणे जाएगा। उसके बाद 1-5 नवंबर तक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच होगा।




## जर्मनी के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए वरूण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए डिफेंडर वरूण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी हुई है। एक जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के कारण वरूण पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह नहीं बना सके थे। फरवरी में बेंगलुरू पुलिस ने वरूण पर पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत आरोप लगाये थे जब 22 वर्ष की एक महिला ने आरोप लगाया था कि पिछले 5 साल से वरूण ने कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया है और इसकी शुरूआत तब हुई जब वह नाबालिग थी।




हॉकी इंडिया सूत्रों ने बताया कि सभी आरोपों से क्लीन चिट मिलने के बाद वरूण को टीम में शामिल किया गया है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को मिडफील्डर हार्दिक सिंह की कमी खलेगी जो ओलंपिक में लगी चोट से उबर नहीं सके हैं । इस श्रृंखला के जरिये राजिंदर सिंह और आदित्य अर्जुन लालागे पदार्पण करेंगे। गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा होंगे जबकि डिफेंस की कमान हरमनप्रीत के सथ जरमनप्रीत, अमित रोहिदास, वरूण कुमार और संजय संभालेंगे। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, मोहम्मद राहीन मौसीन और राजिंदर सिंह होंगे।

एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान ब्रेक के बाद मनदीप सिंह की फॉरवर्ड पंक्ति में वापसी हुई है। उनके साथ सुखजीत सिंह, अभिषेक, आदित्य अर्जुन लालागे, दिलप्रीत सिंह और शीलानंद लाकड़ा होंगे। टीम के बारे में कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि हम जर्मनी से खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं। हमने अनुभवी टीम चुनी है और इसमें कई खिलाड़ी वहीं हैं जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता है। राजिंदर और आदित्य अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण करेंगे जिन्होंने शिविर में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

एमर्जिंग एशिया कप

## भारत ने पाकिस्तान को 7 रन से हराया, यह 3 प्लेयर चमके

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड में एसीसी मेन्स टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के तहत खेले गए अहम मुकाबले में भारत ए ने पाकिस्तान ए को रोमांचक मुकाबले में 7 रन से हरा दिया। भारत ने पहले खेलते हुए अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरण और तिलक वर्मा की पारियों की बदौलत 183 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तान की टीम ने एक समय 78 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन इसके बाद अराफात मिन्हास ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। ऐसे समय में रासिख सलाम ने 2 विकेट निकालकर मैच भारत की ओर मोड़ दिया। अब्बास अफरीदी ने भी अंत में जोर लगाया लेकिन जीत भारत को ही मिली।

**भारत ए पारी - 183-8 (20 ओवर)** - अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरण सिंह ने भारत ए को तेजतर्रार शुरूआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 6 ओवर में ही 68 रन बना दिए। अभिषेक ने 22 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 35 रन तो प्रभसिमरण ने 19 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 36 रन बनाए। कप्तान तिलक वर्मा का भी बल्ला चला। उन्होंने 35 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। बाद में नेहल वडेहरा ने 22 गेंदों पर 25 तो रमनदीप सिंह ने 11 गेंदों पर 17 रन बनाकर स्कोर 8 विकेट के नुकसान पर 183 तक पहुंचाया। पाकिस्तन के लिए सुफियान मुकीम ने 28 रन देकर 2 विकेट लीं।





**पाकिस्तान ए पारी - 176-7 (20 ओवर)** - पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद हारिस ने पहले ही गेंद पर छक्का लगाकर पारी की शुरूआत की। लेकिन वह अंशुल कंबोज की अगली ही गेंद पर बोल्ड हो गए। उमेर युसूफ भी 2 ही रन बना पाए। यासिर खान ने 22 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 33 तो कासिम अकरम ने 21 गेंदों पर 27 रन बनाए। मध्यक्रम में अराफात मिन्हास ने 29 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन बनाए। अब्दुल समद ने 15 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 25 रन बनाए। अब्बास अफरीदी ने 9 गेंदों पर 4 चौके लगाकर 18 रन जरूर बनाए लेकिन उनकी टीम 176 रन ही बना पाई और मैच 7 रन से गंवा लिया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**पाकिस्तान ए** - हैदर अली, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर/कप्तान), यासिर खान, ओमैर यूसुफ, कासिम अकरम, अब्दुल समद, अराफात मिन्हास, अब्बास अफरीदी, मोहम्मद इमरान, जमान खान, सुफियान मुकीम

**भारत ए** - अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), रमनदीप सिंह, अंशुल कंबोज, तिलक वर्मा (कप्तान), आयुष बडोनी, नेहल वढेरा, निशांत सिंधु, राहुल चाहर, रसिख दार सलाम, वैभव अरोड़ा

## डाइवर पलक शर्मा एशियन डाइविंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 21 अक्टूबर को चाइना होंगी रवाना

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** आगामी 21 अक्टूबर से एशियन डाइविंग चैंपियनशिप का आयोजन चाइना के ग्वांग्झू में होने जा रहा है। इस डाइविंग प्रतियोगिता में एशियाई देशों के डाइवर अपनी सहभागिता करेंगे। भारतीय दल का नेतृत्व इस टूर्नामेंट में डाइवर पलक शर्मा करते हुए नजर आने वाली हैं। पलक शर्मा मूलतः मध्यप्रदेश की क्लीन सिटी इंदौर की रहने वाली हैं।

अपने 8 साल की उम्र से डाइविंग को पैशन बना चुकी पलक शर्मा ने अपने 9 साल के इस सफर में अब तक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 50 पदक जीत चुकी हैं, जिनमें से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 4 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक सहित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 29 स्वर्ण, 8 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। सन 2018 में मात्र 12 साल की उम्र में पलक शर्मा ने राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक जितना शुरू कर दिया था। और उसके बाद से जो ये जितने का सिलसिला शुरू हुआ वो अब तक निर्बाध रूप से निरंतर जारी है।



बेहद कम उम्र में ही इस प्रतिस्पर्धा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी पलक शर्मा ने राष्ट्रीय , अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जितने के साथ कई पुरस्कार भी अपने नाम कर चुकी हैं जिनमें से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2021 और मध्य प्रदेश का सर्वोच्च पुरस्कार एकलव्य पुरस्कार 2022 शामिल है। पलक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अति महत्वकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर भी है। इस एशियन डाइविंग चैंपियनशिप में शामिल होने से ठीक 5 दिन पहले ही पलक को एक बेहद कठिन दौर से गुजरना पड़ा है जिसमें उनके दादाजी का देहांत हो गया है। इस कठिन परिस्थिति और आघात के बावजूद मात्र 5 दिन में ही पलक ने इस टूर्नामेंट के लिए सहमति देकर एक मिसाल कायम किया है।

पलक ने कहा कि दादाजी मुझे बेहद प्रिय थे और अब इस टूर्नामेंट में उनके सम्मान के लिए पदक जीतने पर ही हमारा ध्यान केंद्रित रहेगा। कई लोगों ने इस कठिन परिस्थिति में टूर्नामेंट छोड़ने की सलाह दी लेकिन पलक ने कहा कि नहीं जब सचिन तेंदुलकर जैसे महान खिलाड़ी अपने पिता की मौत पर देश के लिए खेल कर शतक बना सकते हैं तो वो क्यों नहीं खेल सकती ? वो टूर्नामेंट में हिस्सा अवश्य लेंगी।

## गगनजीत भुल्लर ने दो शॉट की बढ़त बनाई, रिकॉर्ड 12वीं जीत के करीब



**बैंकॉक (थाईलैंड) (एजेंसी)।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने शनिवार को यहां ब्लैक माउंटेन चैम्पियनशिप के तीसरे दौर में बिना बोगी किये 66 का कार्ड खेला जिससे वह अपने 12वें एशियाई टूर खिताब के लिए अच्छी स्थिति में बने हुए हैं। भुल्लर ने पिछले दो दौर में 65 और 66 के कार्ड खेले थे। उनका कुल स्कोर 19 अंडर है जिससे वह अमेरिका के जॉन कैटलिन (65) से दो शॉट की बढ़त बनाए हैं। भुल्लर ने अभी तक तीन दौर में 21 बर्डी लगाई हैं और दो बोगी की हैं। अन्य भारतीयों में खालिन जोशी (73) नौ अंडर से संयुक्त 39वें स्थान पर बने हुए हैं जबकि करणदीप कोचर (73) संयुक्त 65वें स्थान पर बने हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### जयपुर में हड़ताल पर रेजिडेंट डॉक्टर, अजमेर-उदयपुर में भी करेंगे काम का बहिष्कार

**जयपुर , एजेंसी।** जयपुर में रेजिडेंट डॉक्टरों ने शनिवार रात से हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। रेजिडेंट डॉक्टरों ने राजस्थान सरकार पर उनकी मांगों के प्रति उदासीन होने का आरोप लगाया है। जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स के अध्यक्ष डॉ. मनोहर सियोल ने बताया कि रेजिडेंट डॉक्टर्स ने शनिवार रात को हड़ताल कर दी। रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल से इमरजेंसी और चुनिंदा सेवाएं तत्काल बंद कर दी गई हैं। जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स के अध्यक्ष डॉ. मनोहर सियोल ने बताया कि राजस्थान सरकार ने इस साल अगस्त में कार्यस्थल पर सुरक्षा उपायों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सहित मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं सामने आई है। रेजिडेंट डॉक्टरों ने 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, जो शनिवार रात आठ बजे समाप्त हो गया।

### धौलपुर में बस ने टेंपो को मारी टक्कर, दर्दनाक हादसे में 8 बच्चों सहित 11 लोगों की मौत

**धौलपुर , एजेंसी।** राजस्थान के धौलपुर जिले के बाड़ी सदर थाना इलाके में एनएच 11बी पर सुनीपुर गांव के नजदीक रात करीब 11 बजे स्लीपर कोच बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में आठ बच्चे सहित ग्यारह लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी गुमट मोहल्ला निवासी नहनू पुत्र गफूर खान सरमथुरा थाना क्षेत्र के गांव बरौली में अपने परिवार के सदस्यों को साथ लेकर रिश्तेदारी में भात कार्यक्रम में शामिल होने गया था। शनिवार देर रात को भात कार्यक्रम में शामिल होकर परिवार के सभी सदस्य टेंपो में सवार होकर वापस घर लौट रहे थे, लेकिन बाड़ी की तरफ से तेज रफ्तार में जा रही स्लीपर कोच बस ने सुनीपुर गांव के नजदीक सामने से टक्कर मार दी।मृतक और घायल स्लीपर कोच बस और टेंपो की टक्कर में 14 वर्षीय आसमा पुत्री इरफान उर्फ बंटी,38 वर्षीय इरफान उर्फ बंटी पुत्र गफ्फो,8 वर्षीय सलमान पुत्र इरफान उर्फ बंटी,6 वर्षीय साकिर पुत्र इरफान उर्फ बंटी,10 वर्षीय दानिश पुत्र जहीर,5 वर्षीय अजान पुत्र आसिफ,35 वर्षीय जरीना पत्नी नहनू,10 वर्षीय आशियाना पुत्री नहनू,7 वर्षीय सुखी पुत्री नहनू, 9 वर्षीय सानिफ पुत्र नहनू की घटना स्थल पर मौत हुई है। वहीं जिला चिकित्सालय धौलपुर रेफर किए गए घायलों में महिला 32 वर्षीय जूली पत्नी इरफान उर्फ बंटी ने रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि घायल 38 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र मलखान एवं 10 वर्षीय साजिद पुत्र आसिफ,32 वर्षीय प्रवीण पत्नी जहीर को जिला चिकित्सालय धौलपुर भर्ती कराया गया है।

### जेवर एयरपोर्ट के विस्तार पर विचार, 1200 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव होगा तैयार

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 12 सौ हेक्टेयर जमीन का और अधिग्रहण किया जाएगा। यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) जल्द जमीन अधिग्रहण से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर प्रशासन को भेजेगा। शासन से एविएशन हब का क्षेत्रफल बढ़ाने की स्वीकृति मिल चुकी है। नोएडा एयरपोर्ट को छह रनवे के साथ देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनाने के लिए और अधिक जमीन की जरूरत पड़ रही है। इसके साथ ही और कई बड़ी परियोजनाओं को धरातल पर उतारना है। इसे देखते हुए मास्टर प्लान-2041 में एविएशन हब का दायरा बढ़ाया गया है। नोएडा एयरपोर्ट के लिए यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में पांच हजार हेक्टेयर जमीन आरक्षित की गई थी। दो रनवे के साथ नोएडा एयरपोर्ट के पहले चरण के लिए 1334 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण हो चुका है।

# महाराष्ट्र में 250 सीटों पर एनसीपी-शिवसेना के साथ चर्चा पूरी, भाजपा 40 प्रतिशत विधायकों का काट सकती है टिकट

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे की व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार रात नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि कुल 288 सीटों में से केवल 30-35 सीटों पर सहमति बननी बाकी है। उन्होंने कहा कि अंतिम सीट बंटवारे की घोषणा एक या दो दिन में की जा सकती है।

शिंदे ने कहा, हमारी अमित शाह के साथ चर्चा सकारात्मक और रचनात्मक रही। मतभेदों को दूर कर लिया गया है और बातचीत बिना किसी मुद्दे के अंतिम चरण में है। केवल 30-35 सीटें हैं जिन पर अंतिम बातचीत लंबित है। अगर जरूरत पड़ी तो उनके साथ फिर से चर्चा होगी और इसे एक या दो दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा।




वहीं, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य के प्रमुख नेताओं के साथ लगभग 160 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम को लेकर भी चर्चा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी ने सत्ता विरोधी माहौल को कम करने के लिए 30 से 40 फीसदी विधायकों के टिकट काटने का फैसला किया गया है।

भाजपा मुख्यालय में बुधवार शाम लगभग तीन घंटे चली बैठक में केंद्रीय नेतृत्व ने भाजपा के हिस्से में आने वाली लगभग 160 सीटों पर नामों चर्चा की थी। सूत्रों के अनुसार पार्टी ने 100 से ज्यादा उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं। कुछ सीटों को रणनीति के हिसाब से रोका गया है। बाकी पर दूसरे दलों के उम्मीदवारों को देखकर फैसला किया जाएगा। सहयोगी दलों के साथ एक-दो सीटों की अदला-बदली की संभावना बनी हुई है।

सूत्रों के अनुसार भाजपा अपनी पिछली बार लड़ी 164 सीटों में कुछ में बदलाव कर सकती है, ताकि सहयोगी दलों को संतुष्ट किया जा सके। शिवसेना (शिंदे गुट) और राकांपा (अजित पवार गुट) को दी जाने वाली सीटों पर भी सहमति बन चुकी है। हालांकि, इसकी घोषणा अभी नहीं की गई है।

**आधे विधायकों के खिलाफ माहौलः** केंद्रीय नेतृत्व को अंदरूनी तौर पर जो रिपोर्ट मिली है, उसमें लगभग आधे विधायकों के खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल माना गया है, लेकिन पार्टी में बगावत न हो जाए इस डर से 30 से 40 फीसदी के बीच ही टिकट काटने की संभावना है। पहली सूची जारी करने के पहले पार्टी कुछ और समीकरणों पर विचार करेगी। बुधवार की बैठक में जिन सीटों के लिए उम्मीदवार तय किए गए हैं, उनमें लगभग 60 मौजूदा विधायक शामिल हैं। कुछ हारी हुई सीटों पर भी उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए गए हैं।

## आखिरी सांस तक रहूंगा कांग्रेसी; इस्तीफे के 2 दिन बाद कैप्टन अजय सिंह यादव का यू-टर्न

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने 17 अक्टूबर को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। यादव ने पार्टी में अपने साथ हुए खराब व्यवहार का आरोप लगाते हुए यह कदम उठाया। लेकिन अब उन्होंने महज दो दिन बाद अपने फैसले पर यू-टर्न ले लिया है।

कैप्टन अजय यादव ने एक्स पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को टैग करते हुए लिखा, मैं जन्म से कांग्रेसी हूं और आखिरी सांस तक कांग्रेसी ही रहूंगा। उन्होंने कहा कि ओबीसी विभाग में की गई उनकी मेहनत को हाईकमान द्वारा सराहना न मिलने से वह नाराज थे और कुछ कठोर शब्दों ने उन्हें इस्तीफा देने पर मजबूर कर दिया। हालांकि, उन्होंने ठंडे दिमाग से सोचने के बाद पार्टी को मजबूत करने का फैसला किया है। यादव ने यह भी जिक्र किया कि सोनिया गांधी और उनके बेटे चिरंजीव राव के कहने पर उन्होंने अपना फैसला बदला है।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी से हुई मुलाकात के दौरान यादव ने अपनी नाराजगी जाहिर की थी। बताया जाता है कि गुरुग्राम से लोकसभा टिकट न मिलने और हरियाणा विधानसभा चुनाव में उपेक्षा के कारण वह असंतुष्ट थे। मुलाकात के दौरान जब उन्होंने अपनी शिकायतें सामने रखीं, तो राहुल गांधी ने उनके प्रदर्शन पर सवाल उठाए, जिससे यादव और भी आहत हो गए थे।

## आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अधिक बच्चे पैदा करने की सलाह दी

**हैदराबाद, एजेंसी।**
आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के निवासियों को अधिक बच्चे पैदा करने की सलाह दी है। नायडू ने प्रदेश में उम्रदराज लोगों की बढ़ती आबादी को देखते हुए यह सलाह दी है। उन्होंने शनिवार को कहाकि प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना बना रही है। इसके तहत विधेयक लाने के बारे में भी सोचा जा रहा है, जिसमें अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव दिया जाएगा। सिर्फ इतना ही नहीं, एक ऐसा कानून बनाने पर भी विचार चल रहा है, जिसके तहत सिर्फ वही लोग स्थानीय निकाय चुनाव लड़ पाएंगे, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं।

चंद्रबाबू नायडू ने कहाकि पहले हमने ऐसा कानून बनाया था जिसमें अधिक बच्चे वाले लोग चुनाव नहीं लड़ सकते थे। लेकिन अब हमने उस कानून को खत्म कर दिया है और इसे रिवर्स करने की सोच रहे हैं। अधिक बच्चों वाले परिवारों को सरकार अधिक सुविधाएं देने के बारे में विचार कर रही है। नायडू ने कहाकि वैसे तो हमारे पास 2047 तक डेमोग्राफिक एडवांटेज है। लेकिन दक्षिणी राज्यों खासकर आंध्र प्रदेश में बढ़ती उम्र वालों की आबादी चिंता में डालने वाली बात है।



उन्होंने कहाकि जापान, चीन समेत कुछ यूरोपीय देश भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। दक्षिण भारत में यह समस्या इसलिए हो रही है क्योंकि युवा लोग देश के दूसरे हिस्सों में या फिर विदेश चले जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने दक्षिणी राज्यों में गिरती प्रजनन दर पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहाकि यहां फर्टिलिटी रेट 1.6 परसेंट है जो राष्ट्रीय दर 2.1 से काफी कम है। अगर यही हाल रहा तो हमारे यहां 2047 तक बुजुर्गों की आबादी काफी ज्यादा हो जाएगी। उन्होंने कहाकि आंध्र प्रदेश ही नहीं, देश के कई गांवों में अब सिर्फ बुजुर्ग ही बचे हैं। नायडू ने जनसंख्या नियंत्रण पर अपने पहले के प्रयासों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहाकि तब हालात कुछ और थे। तेजी से बढ़ती आबादी के चलते प्राकृतिक संसाधन खतरे में थे। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

## बच्चों में विदेश जाने की नई बीमारी, देश के भविष्य के लिए अच्छा नहीं: उपराष्ट्रपति धनखड़

**सीकर, एजेंसी।**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि विदेश जाना देश के बच्चों को जकड़ने वाली नई बीमारी है। उन्होंने कहा कि यह विदेशी मुद्रा का पलायन और प्रतिभा का पलायन है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा के व्यावसायीकरण से इसकी गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जो देश के भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। राजस्थान के सीकर में एक निजी शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित समारोह में बोलते हुए धनखड़ ने कहा, बच्चों में एक और नई बीमारी है - विदेश जाने की। बच्चा उत्साह से विदेश जाना चाहता है, वह एक नया सपना देखता है; लेकिन उसे इस बात का कोई आकलन नहीं होता कि वह किस संस्थान में जा रहा है, किस देश में जा रहा है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा के 'व्यवसायीकरण' पर चिंता जताते हुए शनि?वार को कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में



निवेश भविष्य, आर्थिक उत्थान, शांति और स्थिरता में निवेश करने जैसा है। उन्होंने कहा, शिक्षा के व्यावसायीकरण ने उसकी गुणवत्ता को प्रभावित किया है। शिक्षा कभी भी आय का स्रोत नहीं था, यह त्याग और दान का एक माध्यम था, जिसका उद्देश्य समाज की मदद करना था लेकिन हम देखते हैं कि इसको फायदे के लिए बेचा जा रहा है। कुछ मामलों में तो यह जबरन वसूली का रूप ले रहा है।

आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने कहा, शैक्षणिक संस्थाओं को अगर आप अर्थ-लाभ के चश्मे से देखेंगे तो आपका उद्देश्य धूमिल हो जाएगा। हमें आवश्यकता है हम ऐसा ना होने दे। मेरा यह आग्रह रहेगा की संस्था का पैसा संस्था के विकास के लिए ही लगे। उन्होंने कहा, हमारा संकल्प होना चाहिए कि जब भारत 2047 में विकसित राष्ट्र बने तब हम दुनिया की 'सुपर नॉलेज पावर' होने चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने व्यापार, उद्योग, वाणिज्य और व्यवसाय जगत में लोगों से अपील करते हुए उनसे संस्थानों के विकास में उदारतापूर्वक योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा, शिक्षा में निवेश हमारे भविष्य, आर्थिक उत्थान, शांति और स्थिरता में निवेश है। धनखड़ ने कहा, आज युवाओं के बीच लगातार बढ़ते अवसरों को लेकर जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा, आज भारत का विश्व में बहुत महत्व है। आज, भारत की आवाज वैश्विक स्तर पर पहले से कहीं अधिक बुलंद है। ऐसी स्थिति में हर व्यक्ति को यह धारणा और निष्ठा रखनी चाहिए कि हमें अपने राष्ट्र पर विश्वास करना है। हर परिस्थिति में हमें राष्ट्र को पहले रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक, व्यक्तिगत या आर्थिक हितों को राष्ट्र के ऊपर नहीं रखना चाहिए और यह हमारा दायित्व है कि हम राष्ट्रविरोधी शक्तियों को निष्क्रिय करें।

## कनाडा में अब भारतीय के साथ नस्लीय बदसलूकी, वृद्धा ने कहा- तुम काले हो...सब वापस जाओ

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा और भारत के बीच संबंध तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं, और इस तनाव के बीच एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक भारतीय नागरिक, अश्विन अन्नामलाई, को कनाडा में नस्लीय भेदभाव का सामना करते हुए देखा जा रहा है। अन्नामलाई, जो पिछले छह साल से कनाडा में रह रहे हैं और हाल ही में नागरिकता प्राप्त की है, ने बताया कि जब वह वाटरलू, ओंटारियो में टहल रहे थे, तो एक बुजुर्ग महिला ने उन्हें नस्लवादी टिप्पणी की।

वीडियो में अन्नामलाई महिला को समझाते हैं कि वे भी एक कनाडाई हैं, लेकिन महिला इस बात से असहमत होती हैं। महिला अन्नामलाई के स्किन कलर पर टिप्पणी करते हुए कहती हैं, तुम कनाडाई नहीं हो। यहां बहुत सारे भारतीय हैं, और मैं चाहती हूं कि तुम वापस जाओ। तुम्हारे माता-पिता और दादा-दादी यहां के नहीं हैं। जब अन्नामलाई ने महिला से पूछा कि क्या वह फ्रेंच बोल सकती है (कनाडा की दूसरी आधिकारिक भाषा), तो महिला ने इसका जवाब नहीं दिया और



केवल यह कहा, वापस जाओ। वापस भारत जाओ। अन्नामलाई ने अपने पोस्ट में कहा कि यह घटना अकेली नहीं है। इस साल के शुरू से ही ऐसी घृणित घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह के व्यवहार को पूरे कनाडा पर नहीं थोपना चाहिए और लोगों को एकजुट होकर समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। भारत-कनाडा संबंधों में गिरावट के बाद से, कनाडा में रहने वाले भारतीय नागरिकों को अक्सर नस्लीय टिप्पणियों का सामना करना पड़ रहा है। अन्नामलाई ने कहा कि उन्हें कभी भी ऐसी कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ा जो आज के अंतर्राष्ट्रीय छात्र झेल रहे हैं। और यह कनाडा अब वैसा नहीं रहा जैसा वे आए थे।

## पत्नी और बच्चों संग सुरंग में छिपता दिखा था याह्या सिनवार, इजरायल ने जारी किया नया वीडियो

**येरूसलम एजेंसी।** इजरायली डिफेंस फोर्स ने हमास चीफ याह्या सिनवार की मौत से पहले का नया फुटेज जारी किया है, जिसमें वह सुरंग के भीतर जाता नजर आ रहा है। आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हागरी ने कहा, भयानक हमलों से पहले सिनवार 6 अक्टूबर की रात अपने परिवार के साथ भूमिगत बंकर में जाते दिखा। वह खुद के जीवित रहने की तैयारी में जुटा था। फुटेज में दिख रहा है कि कैसे उसके लिए भोजन और दूसरी वस्तुओं की सप्लाई की जा रही है, ताकि लंबे समय तक वह सुरंग के भीतर रह सके। यह वीडियो क्लिप 6 अक्टूबर की देर रात का बताया जा रहा है, जबकि 7 अक्टूबर के इजरायल पर घातक हमला हुआ था। वीडियो में सिनवार अपनी पत्नी और बच्चों के साथ भूमिगत सुरंग में जाता दिख रहा है। इसे लेकर हागरी ने कहा, एक बार फिर साबित होता है कि आतंकी संगठन हमास के नेता अपनी जान बचाने में लगे रहते हैं। चाहे वो कोई भी हो, उसे गाजा के लोगों की ओर से चुकाई गई कीमत की परवाह नहीं है। वे उन्हें मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करते हैं। उन्हें तो महज अपने अस्तित्व के बारे में चिंता होती है। सिनवार ने अपने साथ मोटी रकम भी इकट्ठा कर रखी थी। आईडीएफ के प्रवक्ता ने कहा कि याह्या सिनवार युद्ध के दौरान खान यूनिस और राफा के बीच आवाजाही करता रहा। हमारा मानना था कि वह पूरे समय गाजा में था। उन्होंने कहा, हमसे पूछा गया कि क्या सिनवार मिस्र भाग गया है। हमने दोहराया कि वह गाजा के भीतर ही छिपा हुआ है, जिसका दायरा खान यूनिस और राफा के बीच रहा। वीडियो फुटेज में वह अपने परिवार के साथ नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आइडीएफ के पास सिनवार के परिवार के भी दस्तावेज हैं। हागरी ने कहा कि आईडीएफ लगातार उसकी निगरानी करता रहा और खुफिया स्रोतों का इस्तेमाल करके अतिरिक्त सबूत इकट्ठा किए। याह्या सिनवार की मौत के तीन दिन बाद इजरायल की सेना ने दक्षिणी गाजा में पर्चे छोड़े। इन पर्चों में सिनवार की एक और तस्वीर दिखाई गई, जिसमें वह एक कुर्सी पर मृत पड़ा था। उसकी उंगली कटी हुई थी और सिर से रक्तस्राव हो रहा था। पर्चे में लिखा था, सिनवार ने आपकी जिंदगी बर्बाद कर दी। वह एक अंधेरी जगह में छिप गया और डरकर भागते समय मारा गया।

# यूरोपीय देश बेल्जियम में हिंदू धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, दर्शन एवं हिंदू परंपराओं की बढ़ती लोकप्रियता

हिंदू धर्म, अध्यात्म, संस्कृति एवं हिंदू परंपराओं को बेल्जियम सरकार द्वारा प्रचार प्रसार हेतु प्रोत्साहन की ओर कदम बढ़ाते हुए बेल्जियम की संसद ने 11 जनवरी, 2024 को हिंदू फोरम ऑफ बेल्जियम को सब्सिडी देने के लिए मतदान किया। हिंदू धर्म के अंतर्निहित शाश्वत मूल्य समय, इतिहास और भौतिक सीमाओं के पार संपूर्ण मानवता में निरंतर प्रवाहित हो रहे हैं। फिलहाल दिल्ली में अपने प्रवास के दौरान, भारत की यात्रा पर आए हिंदू फोरम ऑफ बेल्जियम के कार्यकारी निदेशक श्री मार्टिन गुरविच ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि बेल्जियम सरकार का यह फैसला हिंदू धर्म, अध्यात्म, दर्शन एवं सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में पहला कदम है। पृथ्वी पर सबसे पुराने जीवित और तीसरे सबसे बड़े धर्म के रूप में, हिंदू धर्म के दुनिया भर में लगभग एक अरब से अधिक अनुयायी हैं। हालाँकि अधिकांश हिंदू दक्षिण एशिया (भारत, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, मॉरीशस, आदि) में रहते हैं, लेकिन लाखों पश्चिमी लोगों द्वारा हिंदू/वैदिक आध्यात्मिक परंपराओं को अपनाने और प्रवास के कारण अब दुनिया भर में लाखों हिंदू हैं। और बेल्जियम में ही एशियाई मूल के लगभग 20,000-25,000 हिंदू और 15,000-20,000 बेल्जियम या पश्चिमी अनुयायी रहते हैं। हिंदू फोरम ऑफ बेल्जियम वैदिक आध्यात्मिक परंपराओं के लिए एक मंच - 2007 में बेल्जियम में हिंदू समुदायों और संगठनों का प्रतिनिधित्व करने और बेल्जियम सरकार द्वारा हिंदू धर्म, अध्यात्म, दर्शन एवं संस्कृति के प्रचार प्रसार को आधिकारिक तौर पर मान्यता की दिशा में काम करने के लिए बनाया गया था। इस उद्देश्य से, 2013 में फोरम ने न्याय मंत्रालय को एक अनुरोध और एक डोजियर प्रस्तुत किया, जिसने प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। न्याय मंत्रालय के धर्मों की देखरेख करने वाले विभाग के साथ बाद की बैठकों ने 2016 में न्याय मंत्री से फोरम के सचिवालय को निधि देने के लिए सब्सिडी का अनुरोध किया, ताकि यह बेल्जियम में हिंदू धर्म, दर्शन दर्शन, अध्यात्म, सांस्कृतिक परंपराओं के प्रचार प्रसार को पूर्ण मान्यता देने की दिशा में अपने काम को पेशेवर बना सके। एचएफबी ने 2017 के लिए लगभग 74,000 का बजट पेश किया (जो 2023 के लिए 83,000 तक बढ़ गया), और मंत्री कोएन गीन्स ने 2017 में एचएफबी के नेताओं से मुलाकात के बाद वादा किया था कि यह सब्सिडी जल्द ही दी जाएगी। दुर्भाग्य से, सरकार जल्द ही गिर गई, इसलिए सब्सिडी कभी नहीं दी गई। मंत्री वैन क्विकेनबोर्ने ने मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद, एचएफबी ने हिंदू धर्म के प्रचार प्रसार के पहले चरण को अंतिम रूप देने के लिए उनके और नई सरकार के साथ काम किया। मंत्री ने वादा किया कि सब्सिडी दी जाएगी और 2023 की शुरूआत में उपलब्ध कराई जाएगी। एचएफबी और बेल्जियम के सभी हिंदू समुदाय और संगठन, निश्चित रूप से, यह जानकर प्रसन्न हैं कि कई वर्षों के इंतजार के बाद, सब्सिडी पर अंततः संघीय संसद द्वारा मतदान किया गया है और इस वर्ष धन उपलब्ध होगा। लेकिन सबसे बढ़कर, बेल्जियम के हिंदू समुदाय और संगठन महसूस करते हैं कि प्रोत्साहन हेतु मान्यता की दिशा में पहला कदम आखिरकार हासिल किया गया है। बेल्जियम राज्य सही रूप से मानता है कि धर्म और गैर-धर्मनिरपेक्ष दर्शन उसके नागरिकों की भलाई में योगदान करते हैं, और इसलिए वह उनका समर्थन करता है। बेशक, फोरम दृढ़ता से महसूस करता है कि इस प्रशंसनीय सिद्धांत को बनाए रखा जाना चाहिए, फिर भी यह भी मानता है कि इस सिद्धांत को लागू करने की वर्तमान प्रणाली को बेल्जियम की वर्तमान धार्मिक जनसांख्यिकी को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने की आवश्यकता है। साथ ही, यह मान्यता प्रक्रिया और उसके बाद के राज्य वित्तपोषण के लिए अधिक स्पष्ट रूप से कानूनी ढांचा स्थापित करने के पक्ष में है। हिंदू धर्म कई दशकों से ध्यान, योग, शाकाहार, आयुर्वेद, कला, संगीत, नृत्य, भोजन, त्योहारों के साथ-साथ व्यापार, विज्ञान, शिक्षा और चिकित्सा आदि क्षेत्र में सक्रिय रूप से बेल्जियम समाज में मौजूद है और सकारात्मक रूप से योगदान दे रहा है। बेल्जियम में हिंदू धर्म , अध्यात्म एवं सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करने के लिए मान्यता देने की दिशा में पहला कदम उठाकर बेल्जियम अधिक बहुसांस्कृतिक और बहुधार्मिक बन जाएगा, इस प्रकार एक वैश्विक प्रवृत्ति को प्रतिबिंबित करेगा। बेशक, स्थान के आधार पर, सभी धर्म या तो अल्पसंख्यक हैं या बहुसंख्यक हैं। फिर भी, बेल्जियम द्वारा बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक दोनों धर्मों के साथ-साथ गैर-धर्मनिरपेक्ष दर्शन को धीरे-धीरे स्वीकार करना इसकी निरंतर बढ़ती हुई समावेशिता का संकेत है। एचएफबी आभारी है कि बेल्जियम सरकार ने हिंदू धर्म, अध्यात्म, दर्शन एवं सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहन के लिए मान्यता देने की दिशा में एक बहुत ही सकारात्मक कदम उठाया है, जो बेल्जियम में विविध हिंदू समुदायों द्वारा किए गए सकारात्मक योगदान को मान्यता देता है। श्री मार्टिन गुरविच ने बताया कि आने वाले वर्षों में, बेल्जियम का हिंदू मंच अपनी सदस्यता और प्रतिनिधित्व बढ़ाने का प्रयास करेगा और इसके अलावा हिंदू आध्यात्मिक सलाहकारों के लिए प्रशिक्षण और मानक स्थापित करने पर जोर देगा; सरकारी स्कूलों में हिंदू धर्म पढ़ाने के लिए एक अध्ययन कार्यक्रम विकसित करेगा; जेलों और अस्पतालों की देखभाल करने के लिए धार्मिक शिक्षकोंको प्रशिक्षित करेगा; बेल्जियम के नेताओं और बड़े पैमाने पर समाज के सामने हिंदू धर्म संस्कृति एवं दर्शन को पेश करने के लिए प्रकाशन तैयार करेगा । बेल्जियम के हिंदू समुदाय और संगठन ईमानदारी से उम्मीद करते हैं कि एक बार जब वे तैयार हो जाएंगे, तो सरकार बिना किसी देरी के हिंदू धर्म, अध्यात्म , संस्कृति, दर्शन एवं परंपराओं को देश में प्रोत्साहन हेतु पूरी तरह से मान्यता देगी और इस तरह सभी बेल्जियम के हिंदुओं को समाज में अपने अनूठे और सकारात्मक योगदान के साथ एक समुदाय के रूप में पूरी तरह से उपस्थित का एहसास एवं लोगों में उसकी स्वीकार्यता का एहसास कराएगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129